दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 194 जयपुर, रविवार, 23 जून, 2024 | आषाढ़, कृष्ण पक्ष- द्वितीया, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### भारत ने बांग्लादेश से मैच जीत सेमीफाइनल मे एंट्री की पक्की




**एंटीगा।** हार्दिक पंड्या के तेज अर्धशतक व बुमराह की अगुआई में गेंदबाजों के कमाल से भारत ने टी20 विश्व कप के सुपर-8 के अहम मुकाबले में बांग्लादेश पर 50 रन से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही भारत का सेमीफाइनल में पहुंचना लगभग पक्का हो गया है, जबकि बांग्लादेश टूर्नामेंट से लगभग बाहर हो चुका है। भारत ने पहले खेलते हुए 5 विकेट पर 196 रन बनाए। भारत की ओर से हार्दिक पंड्या ने 27 गेंद में चार चौकों और तीन छक्कों से नाबाद 50 रन बनाए। पांड्या को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

### सलमान फायरिंग केस में आरोपी के वॉयस सैंपल मैच



**मुंबई ।** सलमान खान के घर पर हुई फायरिंग के लिए गैंगस्टर लॉरेंस का भाई अनमोल हमलावरों को इंस्ट्रक्शन दे रहा था। पकड़े गए दोनों हमलावरों के मोबाइल से मिली ऑडियो रिकॉर्डिंग की पुलिस ने फोरेंसिक जांच कराई थी। मुंबई पुलिस ने सेंट्रल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी से अनमोल के ऑडियो सैंपल लिए और आरोपियों के मोबाइल में मिले ऑडियो को फोरेंसिक लैब भेजा था। यह सैंपल मैच हो गया है। सलमान के घर गैलेक्सी अपार्टमेंट पर 14 अप्रैल को सुबह पांच बजे दो हमलावरों ने फायरिंग की थी। घटना के दो दिन बाद मुंबई क्राइम ब्रांच ने गुजरात से आरोपी विक्की गुप्ता और सागर पाल को गिरफ्तार किया था।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार

अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

## GST काउंसिल की 53वीं बैठक में हुए 6 बड़े फैसले... वित्त मंत्री सीतारमण ने दी जानकारी

# रेलवे प्लेटफॉर्म टिकट से हटाई GST, सोलर कुकर महंगा

### पेट्रोल-डीजल पर निर्णय के लिए बना मंत्री समूह

**बेधड़क** | नई दिल्ली

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में शनिवार को जीएसटी काउंसिल की 53वीं बैठक हुई। निर्मला सीतारमण ने बैठक के बाद हुए प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, "53वीं जीएसटी काउंसिल की बैठक में व्यापार को आसान बनाने और करदाताओं को राहत देने के लिए कई फैसले लिए गए हैं। इन फैसलों से व्यापारियों, MSMEs और करदाताओं को लाभ होगा।" इसमें रेलवे प्लेटफॉर्म टिकट को जीएसटी के दायरे से बाहर कर दिया गया, जाहिर है अब यह सस्ता हो जाएगा।

### रेलवे प्लेटफॉर्म टिकट होगा सस्ता, मिलेगी राहत

रेलवे से आम आदमी को मिलने वाली सेवाओं को जीएसटी के दायरे से बाहर रखने की सिफारिश की है। इसमें प्लेटफॉर्म टिकटों की बिक्री, रिटायरिंग रूम और वेटिंग रूम की सुविधा, बैटरी चालित कार जैसी सेवाएं शामिल हैं। इसके अलावा इंट्रा-रेलवे सप्लाई को भी GST से छूट दी जा रही है।



### सेक्शन 73 के नोटिस पर ब्याज और जुर्माना होगा माफ

केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा, "काउंसिल ने जीएसटी एक्ट की सेक्शन 73 के तहत जारी किए गए डिमांड नोटिसों पर ब्याज और जुर्माना माफ करने की सिफारिश की है, जिसमें धोखाधड़ी, दमन या गलत बयानी से जुड़े मामले शामिल नहीं हैं। वित्त वर्ष 2017-18, 2018-19 और 2019-20 के लिए सेक्शन 73 के तहत जारी किए गए सभी नोटिसों के लिए, परिषद ने उन डिमांड नोटिसों पर ब्याज और जुर्माना माफ करने की सिफारिश की है, जो तामील हो चुकी है।"

### बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन होगा लागू

केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि फेक इनवॉइस पर रोक लगाने के लिए चरणबद्ध तरीके से पूरे देश में बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन लागू किया जाएगा।

### इन वस्तुओं पर 12% टैक्स

जीएसटी काउंसिल ने दूध के कैन पर 12 फीसदी के दर से टैक्स लगाने की सिफारिश की है। इसके अलावा काउंसिल ने सभी कार्टन बॉक्स पर 12 फीसदी की दर निर्धारित की है। सभी सोलर कुकर पर भी 12% जीएसटी दर लागू होगी।

### अगस्त में होगी अगली बैठक

जीएसटी काउंसिल की अगली बैठक अब अगस्त में होगी। वित्त मंत्री ने कहा कि बाकी बचे एजेंडे पर चर्चा के लिए काउंसिल की अगली बैठक अगस्त के मध्य में आयोजित करने का फैसला लिया गया। उन्होंने कहा कि दरों को तर्कसंगत बनाने के लिए एक मंत्रियों के समूह का गठन हुआ है, जो अगस्त में GST परिषद को रिपोर्ट देगा।

## नगरीय विकास व आवासन एवं स्वायत्त शासन विभाग की समीक्षा बैठक में सीएम का अहम ऐलान...

# राज्य में PM ई-बस सेवा से 500 बसें होंगी शुरू



**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के शहरी निकायों में विकास कार्यों व योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए संकल्पबद्ध होकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में बढ़ते प्रदूषण को कम करने के लिए भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री ई-बस सेवा प्रारंभ की गई है। इस योजना के तहत प्रदेश के 8 शहरों (जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, कोटा, अजमेर, भीलवाड़ा, अलवर और बीकानेर) में कुल 500 ई-बसों को चलाने की योजना को जल्द मूर्तरूप देने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि आमजन की जरूरत के अनुसार विकास परियोजनाओं के माध्यम से आधारभूत ढांचे विकसित किए जा रहे हैं। पानी, बिजली, सड़क की सहज उपलब्धता के जरिए संस्थागत रूप से शहरी विकास को सुनिश्चित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री शर्मा शनिवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में नगरीय विकास व आवासन एवं स्वायत्त शासन विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों में उपलब्ध संपत्ति का उपयोग कर अपनी आय बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने स्वायत्त शासन विभाग को नगरीय विकास कर संग्रहण प्रणाली को बेहतर बनाकर राजस्व आय बढ़ाने के लिए कार्ययोजना बनाने के लिए निर्देशित किया।

### समयसीमा में हों परियोजनाएं पूरी

शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत शेष बनाए जाने वाले आवासों के लिए केन्द्र सरकार के साथ समन्वय स्थापित कर स्वीकृति जारी करवाएं। उन्होंने प्रदेश में चल रही केन्द्र व राज्य सरकार की संयुक्त वित्त पोषित परियोजनाओं को समय से पूरा करने के लिए राज्य सरकार के अंशदान को निश्चित समय से जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही, चल रहे विकास कार्यों का भी समय-समय पर सत्यापन कराया जाए। उन्होंने प्रतिदिन विकास कार्यों की रिपोर्ट तैयार करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने अमृत 2.0 योजना के रिव्यू करने के लिए नगरीय विकास एवं आवासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव को निर्देश दिए। प्रदेश में जल्द शुरू होगी प्रधानमंत्री ई-बस सेवा शहरी क्षेत्रों में बढ़ते प्रदूषण को कम करने के लिए भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री ई-बस सेवा प्रारंभ की गई है।

### सरकार ने छह महीनों में 30 हजार से ज्यादा आवास किए स्वीकृत

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत राज्य सरकार के पिछले 6 माह के कार्यकाल में 30 हजार 408 आवास स्वीकृत हुए हैं, जिनमें से 13 हजार 175 आवास पूर्ण हो चुके हैं। इनके लिए 217.75 करोड़ रुपए की अनुदान राशि वितरित की गई है। इस योजना से जरूरतमंद की पक्की छत का सपना पूरा हो रहा है। श्री अन्नपूर्णा रसोई योजना के तहत प्रदेश में कुल 2 करोड़ 56 लाख 86 हजार 708 जरूरतमंद लोग लाभान्वित हुए हैं। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत प्रदेश में जनवरी 2024 से अब तक 33 हजार लोगों को लोन मिल चुका है। शर्मा ने जेडीसी मंजू राजपाल को निर्देशित किया कि सेक्टर रोड बनाने के कार्य में तीव्रता लाई जाए। उन्होंने हाईटेक सिटी के निर्माण के लिए जेडीसी को कार्ययोजना तैयार करने, एयरपोर्ट से टोंक रोड एवं आगरा रिंग रोड कनेक्टिविटी व रेलवे स्टेशन से सीकर रोड तक कनेक्टिविटी के लिए एलिवेटेड रोड का प्लान तैयार करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने एसएमएस अस्पताल में निर्माणधीन आईपीडी टावर की पार्किंग निर्माण के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।

### ये रहे मौजूद

बैठक में नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग मंत्री झाबर सिंह खर्रा, मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) शिखर अग्रवाल, प्रमुख सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) आलोक गुप्ता, प्रमुख शासन सचिव नगरीय विकास एवं आवासन टी. रविकान्त, आयुक्त सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार इन्द्रजीत सिंह सहित नगरीय विकास व आवासन एवं स्वायत्त शासन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### महिलाओं ने सीएम का जताया आभार

**जयपुर।** राज्य में तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती में महिलाओं का आरक्षण बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने पर मुख्यमंत्री निवास पर शनिवार को महिलाओं ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया। इस दौरान बड़ी संख्या में आई महिलाओं ने मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें धन्यवाद दिया। -पेज 2 भी देखें

## NEET और NET परीक्षा विवाद में बड़े फैसले

# NTA के DG सुबोध कुमार को हटाया... खरोला नियुक्त

### आज होने वाली NEET PG परीक्षा स्थगित


प्रदीप सिंह खरोला


के. राधाकृष्णन


सुबोध कुमार

**एजेंसी** | नई दिल्ली

नीट परीक्षा विवाद के बीच केंद्र सरकार ने शनिवार रात 9 बजे एनटीए (नेशनल टेस्टिंग एजेंसी) के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह को हटा दिया। प्रदीप सिंह खरोला को नया डीजी नियुक्त किया गया है। वह कर्नाटक कैडर के 1985 बैच के रिटायर्ड आईएएस अधिकारी हैं। खरोला इंडियन ट्रेड प्रोमोशन ऑर्गेनाइजेशन के सीएमडी हैं। 1 मई 2024 को उन्हें एसएससी के चेयरमैन का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया था। इस बीच, 23 जून को होने वाली नीट-पीज परीक्षा भी स्थगित कर दी गई है। नई तारीख का ऐलान बाद में किया जाएगा। इसे नेशनल बोर्ड ऑफ एजुकेशन इन मेडिकल साइंसेज कराता है। रविवार को 300 शहरों के 1000 से ज्यादा सेंटर पर यह एग्जाम होना था।

### 7 सदस्यीय हाई लेवल कमेटी गठित

इससे पहले दोपहर में शिक्षा मंत्रालय ने NTA की परीक्षाओं में गड़बड़ियां रोकने और पारदर्शिता लाने के लिए 7 सदस्यीय हाई लेवल कमेटी का ऐलान किया। इसरो के पूर्व चेयरमैन और आईआईटी कानपुर के पूर्व डायरेक्टर के. राधाकृष्णन इसके चीफ होंगे। यह कमेटी 2 महीने में शिक्षा मंत्रालय को रिपोर्ट सौंपेगी। बता दें, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने 20 जून को इस कमेटी बनाने की घोषणा करते हुए कहा था कि ये कमेटी NTA के कामकाज को और इम्प्रूव करने के लिए शिक्षा मंत्रालय को सुझाव देगी।

## इलेक्ट्रिक लाइन की चपेट में आने से गई जान

# सरिस्का टाइगर रिजर्व में तीन पैंथरों की मौत



**जयपुर।** अलवर के सरिस्का टाइगर रिजर्व से वन्यजीव प्रेमियों के लिए एक बुरी खबर सामने आई कि जिले के डेहरा क्षेत्र में तीन पैंथरों की मौत हो गई। मृत तीनों पैंथर में से एक मादा और दो शावक हैं। यह दुखद सूचना मिलने पर शुक्रवार देर रात वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और मृत पैंथरों के शव अलवर वन मंडल के नया बास कार्यालय लाए गए, जहां शवों का पोस्टमार्टम कराया गया।

बता दें कि इसी क्षेत्र में करीब दो साल पहले एक मादा पैंथर और दो शावकों की मौत जहर देने के कारण हुई थी। वर्तमान में एसटी-18 व अन्य बाघों का मूवमेंट इसी क्षेत्र में है। दरअसल, वन विभाग अमृतवास गांव के जंगल में दो शावक व एक मादा पैंथर की मौत की सूचना पर वनकर्मी मौके पर पहुंचे।

### पैंथर टूटी लाइन के संपर्क में आए

अलवर वन मंडल के डीएफओ राजेंद्र कुमार हुड्डा ने बताया कि डेहरा क्षेत्र के अमृतवास गांव में तीनों पैंथर की मौत बिजली की लाइन टूटकर करंट लगने से हुई है। उन्होंने बताया कि पैंथर टूटी हुई लाइन के संपर्क में आ गए, जिसके चलते उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद तुरंत बिजली की लाइन शिफ्ट कर दी गई। यह रक्षित वन क्षेत्र है। यहां पहले से ही ट्रांसफर लगे हुए थे। उन्होंने कहा कि पूर्व में इसी क्षेत्र में हुई अन्य घटना अलग थी, जिस में जांच कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके बाद से यहां वन मंडल की ओर से वृक्षारोपण भी किया गया और निरंतर वन की निगरानी की जा रही है।

## नई दिल्ली में प्री-बजट कंसल्टेशन मीटिंग

# डिप्टी CM और वित्त मंत्री दिया कुमारी ने मजबूती से रखा प्रदेश का पक्ष

- केंद्रीय वित्त मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित हुई बजट पूर्व चर्चा बैठक
- ईआरसीपी, रेल, सड़क और ऊर्जा संबंधी मुद्दों पर की चर्चा, मांगी मदद
- सीतारमण ने दिया सकारात्मक रुख का आश्वासन

**एजेंसी**। नई दिल्ली

नई दिल्ली में शनिवार को प्री-बजट कंसल्टेशन मीटिंग में प्रदेश की उपमुख्यमंत्री व वित्त मंत्री दिया कुमारी ने भी भाग लिया। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में आयोजित बजट पूर्व चर्चा में राजस्थान का पक्ष राजस्थान की डिप्टी सीएम और वित्त मंत्री दिया कुमारी ने मजबूती से रखा।

उन्होंने राजस्थान में रेल, राजमार्ग और ऊर्जा क्षेत्र के लिए केंद्र से सहयोग मांगा। उन्होंने राजस्थान के विकास से जुड़े ईआरसीपी, रेल, सड़क और ऊर्जा संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा की।



### ERCP को जल्द ही मूर्त रूप देने में मांगा सहयोग

दिया कुमारी ने राजस्थान के 21 जिलों की जीवनदायी रेखा साबित होने वाली 'पूर्वी राजस्थान कैनाल परियोजना (ईआरसीपी)' को जल्द ही मूर्त रूप देने के सभी आयामों को विस्तार से केंद्रीय मंत्री के समक्ष रखा। उन्होंने राजस्थान में संचालित 'जल जीवन मिशन' की प्रगति और और इस मिशन को अधिक मजबूती देने तथा जल्द ही इसके लक्ष्यों को हासिल करने के लिए राजस्थान सरकार के प्रयासों के बारे में जानकारी देते हुए केंद्र सरकार से और अधिक सहयोग की मांग रखी।

### ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए केंद्रीय सहयोग आवश्यक

दिया कुमारी ने कहा कि राजस्थान में कृषि, उद्योग के साथ साथ प्रदेश की आधारभूत संरचना के विकास में पर्याप्त ऊर्जा की सुलभ उपलब्धता बहुत अहम स्थान रखती है, इसलिए राजस्थान को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए केंद्रीय सहयोग आवश्यक है।

### लंबित '3 प्रमुख रेल परियोजनाओं' का जिक्र

दिया कुमारी के अनुसार केंद्रीय मंत्री के समक्ष राजस्थान में लंबित '3 प्रमुख रेल परियोजनाओं' को जल्द ही मूर्त रूप देने के विषय को भी रखा है, ताकि रेल सुविधाओं से वंचित राजस्थान के दूरस्थ इलाकों में विकास की धारा को पहुंचाया जा सके। वित्त मंत्री दिया कुमारी ने बताया कि प्रदेश में नए राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण और उनके सुदृढ़ीकरण को लेकर भी केंद्रीय मंत्री से बैठक में चर्चा की। उन्होंने कहा कि राज्य में बड़े शहरों को गांवों और ढाणियों से जोड़ने के लिए सड़कों का सुदृढ़ जाल होना बहुत जरूरी है।

### वित्त मंत्री सीतारमण ने किया आश्वस्त

बैठक में डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने राजस्थान की तरफ से रखे गए सभी पक्षों को केंद्रीय मंत्री ने गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार राजस्थान की सभी मांगों पर सकारात्मक कदम उठाएगी। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा और सचिव देवाशीष पुष्टि भी मौजूद रहे।

## जरूरी खबर

### डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने रेल मंत्री को दी बधाई



**जयपुर।** उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने शनिवार को केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर उन्हें रेल मंत्रालय का दायित्व मिलने पर बधाई दी। मुलाकात के दौरान उपमुख्यमंत्री ने बड़ी सादड़ी नीमच ब्रॉडगेज रेल परियोजना का कार्य शुरू होने व रेलवे ट्रैक के विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण होने पर उनका आभार व्यक्त किया। इस दौरान मारवाड़ मावली रेल लाइन प्रोजेक्ट पर भी विस्तृत चर्चा हुई।

### 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान आज से होगा शुरू

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगडी ने बताया कि जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में सुबह 11 बजे 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की शुरुआत होगी जो 6 जुलाई तक चलेगा। प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी एवं प्रदेश सहप्रभारी विजया राहटकर अभियान का आगाज करेंगे। इस दौरान कार्यालय परिसर में पौधारोपण किया जाएगा। भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगडी ने बताया कि डॉ. मुखर्जी सच्चे अर्थों में मानवता के उपासक और सिद्धान्तवादी थे। भाजपा की ओर से डॉ. मुखर्जी के स्मरणों को आमजन तक पहुंचाने क लिए अभियान शुरू किया जाएगा। वहीं प्रकृति के सौंदर्यीकरण के लिए एक पेड़ मां के नाम अभियान भी चलाया जाएगा।

### हार के डर से जिला प्रमुख के चुनाव दो बार स्थगित



**जयपुर।** मुख्यमंत्री के गृह जिले में भाजपा को हार का डर सता रहा है। यही वजह है कि भरतपुर में सरकार ने जिला प्रमुख पद के चुनाव दो बार निरस्त कर दिए। जबकि प्रदेश के अन्य जिलों में चुनाव हो रहे हैं। यह कहना है भरतपुर की नवनिर्वाचित सांसद संजना जाटव का। उन्होंने कहा कि पूर्व जिला प्रमुख जगत सिंह विधानसभा का चुनाव जीत गए। इसके बाद जिला प्रमुख का पद 6 माह से खाली पड़ा है। नियमानुसार जिला प्रमुख का पद खाली होते ही उप जिला प्रमुख को जिम्मेदारी दी जानी चाहिए थी, लेकिन जिला कलेक्टर को यह जिम्मेदारी दी गई है। यह लोकतंत्र की हत्या है।

---

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष और सांसद सीपी जोशी ने चित्तौड़गढ़ में धन्यवाद सभा को किया संबोधित, कहा...

# पेपरलीक माफिया को था कांग्रेस नेताओं का संरक्षण प्राप्त

**बेधड़क** | चित्तौड़गढ़

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी आज प्रतापगढ़ दौरे पर रहें जहां विभिन्न स्थानों पर भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की ओर से उनका स्वागत अभिनंदन किया गया।

इस दौरान धन्यवाद सभा को संबोधित करते हुए सीपी जोशी ने तीसरी बार मोदी सरकार बनाने के लिए दिन-रात काम करने वाले सभी भाजपा कार्यकर्ताओं और भाजपा के पक्ष में मतदान करने वाली जनता का आभार व्यक्त किया। सभा में जोशी ने कांग्रेस पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने



कहा कि पूर्व की कांग्रेस सरकार ने राजस्थान के युवाओं का भविष्य खराब करने का काम किया था। प्रदेश में ऐसी कोई परीक्षा नही हुई जिसका पेपर लीक ना हुआ हो। पेपर लीक माफिया को सरकार और कांग्रेस के नेताओं का संरक्षण था। पेपर लीक के मुख्य आरोपी सुरेश ढाका को सरकार के संरक्षण में गिरफ्तार नहीं किया गया, उसको बचाने के लिए यूपीए सरकार में कानून मंत्री रहे सलमान खुर्शीद को वकील बनाया गया। इससे स्पष्ट होता है कि पेपर लीक और राजस्थान के युवाओं का भविष्य खराब करने में सीधे रूप से कांग्रेस पार्टी जुडी हुई थी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दस वर्षों में जनहित काम किए।

### पेपरलीक को लेकर मोदी सरकार ने बनाया कानून

प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि मोदी सरकार ने पेपर लीक करने वालों को कड़ी सजा देने के लिए में 'लोक परीक्षा कानून-2024' लागू कर दिया है। जोशी ने कहा कि कई दशकों के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नई शिक्षा नीति आई, जिसे सभी सरकारों और संगठनों से बात कर आदर्श शिक्षा नीति बनाया गया। जबकि कांग्रेस ने हमेशा से भारतीय संस्कृति और शिक्षा को नष्ट कर अंग्रेजियत फैलाने का काम किया है।

### सुंदर सिंह भंडारी को अर्पित किए श्रद्धासुमन

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने सुंदर सिंह भंडारी की पुण्यतिथि के अवसर पर प्रतापगढ़ नगर में उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने कहा कि सुंदर सिंह भंडारी सादा जीवन उच्च विचार की प्रतिमूर्ति थे। अविवाहित रहते हुए उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा में समर्पित कर अंतिम सांस तक आरएसएस की विचारधारा के प्रति प्रतिबद्ध रहे।

---

पचास प्रतिशत आरक्षण देने पर महिलाओं ने सीएम का जताया आभार

# सशक्तीकरण के लिए महिलाओं को मिले बराबर के अधिकार

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि आधी आबादी के योगदान के बिना देश और प्रदेश सशक्त नहीं बन सकता। इसलिए प्रदेश सरकार नारी शक्ति के उत्थान और चहुमुखी विकास के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए महिलाओं को बराबर के अधिकार और अवसर मिलना आवश्यक है। मुख्यंमत्री शनिवार को मुख्यमंत्री निवास पर राज्य में तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती में महिलाओं का आरक्षण बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने पर नारी शक्ति द्वारा अभिनन्दन और आभार समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।

इस दौरान बड़ी संख्या में आई महिलाओं ने मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आभार जताया। सीएम शर्मा ने कहा कि महिला सशक्तीकरण आर्थिक स्वतंत्रता तक ही सीमित नहीं है बल्कि यह सामाजिक, शैक्षिक और राजनीतिक क्षेत्र में भी महिलाओं को समान अवसर प्रदान करने की बात करता है। महिलाएं सशक्त होंगी तो वे परिवार और समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति में प्राचीन काल से ही नारी शक्ति को आदर और सम्मान दिया जाता है। हम शक्ति के लिए मां दुर्गा, विद्या के लिए मां सरस्वती और धन के लिए मां लक्ष्मी की आराधना करते हैं। हमारे जीवन में नारी का अहम स्थान है।



### महिलाओं के लिए ऐतिहासिक फैसले

सीएम शर्मा ने कहा कि हमारी बहन और बेटियां देश और प्रदेश की उन्नति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं इसके लिए सरकार ने तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती में महिलाओं के लिए आरक्षण 30 से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने सहित कई ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। प्रदेश के 73 लाख परिवारों की महिलाओं को 450 रुपए में रसोई गैस सिलेंडर दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री मातृ वन्दन योजना के तहत गर्भवती और धात्री महिलाओं को दी जाने वाली राशि भी बढ़ाकर 6500 रुपए कर दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'लाडो प्रोत्साहन' योजना में गरीब परिवारों में बालिकाओं के जन्म पर 1 लाख रुपए का सेविंग बॉन्ड देने, पंचायती राज, नगरीय निकाय तथा आंगनबाड़ी कर्मियों के मानदेय में 10 प्रतिशत की वृद्धि करने के साथ ही साथिन कार्यकर्ताओं का मानदेय भी बढ़ाया गया है।

### जालोर में औद्योगिक क्षेत्र के लिए भूमि आंवटित

जालौर जिले की सायला तहसील के ग्राम मौजा उनडी में नवीन औद्योगिक क्षेत्र का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान औद्योगिक क्षेत्र आवंटन नियम, 1959 के नियम 11(ए) के तहत 20.30 हैक्टेयर भूमि आवंटन की स्वीकृति प्रदान की है। इस निर्णय से स्थानीय क्षेत्र में औद्योगिक विकास को गति मिलेगी एवं रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। इस औद्योगिक क्षेत्र का निर्माण राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड (रीको) द्वारा किया जाएगा।

### कांग्रेस सरकार में महिला अत्याचार बढ़ा

सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में प्रदेश महिला अत्याचार के मामलों में अव्वल हो गया था। महिलाएं अपने आप को असुरक्षित महसूस करती थीं लेकिन हमारी सरकार ने महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए 'एंटी रोमियो स्क्वाड' का गठन किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के युवा चिंता ना करें, सरकार बेटियों के साथ ही उन्हें भी आगे बढ़ने के पूरे अवसर उपलब्ध करवाएगी। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री डॉ. मंजू बाघमार, राजसमंद विधायक दिप्ती किरण माहेश्वरी के अलावा लक्ष्मीकांत भारद्वाज एवं हेमलता शर्मा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं तथा स्कूल-कॉलेज की छात्राएं उपस्थित रही।

---

केंद्रीय वन मंत्री ने अधिकारियों की चर्चा

# विकास कार्यों और समस्याओं के निदान के लिए तैयार करें रोडमैप



**बेधड़क** | जयपुर

केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने सर्किट हाउस में महत्वपूर्ण विभागों के अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री संजय शर्मा भी मौजूद रहे। केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री यादव ने अलवर में सुचारू पेयजल आपूर्ति, सरिस्का अभयारण्य, भिवाडी में जलभराव की समस्या एवं अलवर जिले के समग्र विकास के संबंध में अधिकारियों से चर्चा कर फीडबैक लिया।

उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग विकास कार्यों एवं समस्याओं के निदान के लिए रोडमैप तैयार करें। उन्होंने अलवर शहर में पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था पर जलदाय विभाग के अधिकारियों से फीडबैक लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि अलवर शहर की पेयजल आपूर्ति नगर विकास न्यास के परिक्षेत्रों के आधार पर कार्य योजना तैयार करें, जिसमें घरेलू पेयजल के साथ-साथ संस्थागत जल व्यवस्था को भी समाहित किया जा सके। इसी प्रकार उन्होंने अलवर जिले की पेयजल आपूर्ति व्यवस्था व जल संरक्षण एवं भूजल रिचार्ज आदि विषय पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने सरिस्का अभयारण्य के समग्र विकास पर वन विभाग के अधिकारियों से फीडबैक लेकर निर्देश दिए कि सरिस्का अभ्यारण्य के विकास व संरक्षण आदि से जुड़े प्रत्येक पहलू पर कार्य योजना बनाएं।

उन्होंने भिवाड़ी में जल भराव समस्या के निराकरण के संबंध में उन्होंने नगर परिषद भिवाड़ी, रीको, डीआईसी, प्रदूषण मंडल व संबंधित अधिकारियों से फीडबैक लेकर समन्वित कार्य योजना बनाने पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले के विकास कार्यों व आमजन की समस्याओं के निराकरण के संबंध संबंधित विभाग समन्वय स्थापित कर कार्य करें।

---

साधारण सभा की बैठक: जनप्रतिनिधियों ने दिए समाधान के निर्देश

# बैठक में छाए आमजन से जुड़े कई मुद्दे

**बेधड़क** | चाकसू

जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक शनिवार को जिला परिषद सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रमुख रमा देवी चौपड़ा ने की।

बैठक में चाकसू विधायक रामावतार बैरवा समेत उपजिला प्रमुख मोहन लाल डागर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शिल्पा सिंह, अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रथम) सुरेश कुमार नवल, अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजकुमार कसवां, पुलिस विभाग, विद्युत विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जन स्वास्थ्य एवं



अभियांत्रिकी विभाग, कृषि विभाग, वन विभाग, राजस्व विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में विकास योजनाओं एवं कार्यों की प्रगति की जानकारी दी गई तथा उनमें आ रही बाधाओं को लेकर भी चर्चा की। साथ ही बिजली, पानी, सड़क निर्माण जैसे आमजन से जुड़े मुद्दे छाए रहे। इसके निस्तारण को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने कहा कि अधिकारी और कर्मचारी आपस में पूर्ण सहयोग एवं समन्वय से काम करें।

---

अजमेरी गेट से कोटखावदा तक होगा बस सेवा का संचालन

# चाकसू को मिली दो लो-फ्लोर बस की सुविधा

**बेधड़क** | चाकसू

क्षेत्रीय विधायक रामवतार बैरवा के प्रयास से जेसीटीएसएल ने अजमेरी गेट से कोटखावदा चाकसू तक 2 बसें लगाई है। इससे अब यात्रियों को भी राहत मिल सकेगी।

भाजपा नेता नंद किशोर शर्मा ने बताया कि जयपुर से कोटखावदा तहसील के लिए किसी तरह के साधन नही होने से यंहा के वाशिंदों ने क्षेत्रीय विधायक रामवतार बैरवा से बस सेवा शुरू करवाने की मांग की थी। इस संबंध में विधायक ने उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद



बैरवा मुलाकात कर बाचतीत की थी। इस पर उपमुख्यमंत्री बैरवा ने हाथोंहाथ कार्रवाई की। इसके बाद जेसीटीएसएल प्रबंधन निदेशक ने आदेश जारी कर दिए है। अब सीधे कोटखावदा वाया चाकसू से जयपुर आने-जाने में इसका लाभ मिल सकेगा। वहीं भाजपा कार्यकर्ता एवं आमजन ने विधायक बैरवा का आभार जताया है।

### विधायक ने सीएम को सौंपा मांग पत्र

चाकसू विधायक रामावतार बैरवा ने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मिलकर राजस्थान सरकार के 2024-25 के बजट में चाकसू विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न विकास कार्यों के लिए शनिवार को उनके निवास पर मिलकर मांग पत्र सौंपा। इस पर मुख्यमंत्री शर्मा ने अधिक से अधिक विकास कार्य करने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर जमवारामगढ़ के विधायक महेंद्र पाल मीणा भी साथ रहे।

---

भाजपा विधायक धनखड़ ने किया पलटवार

# कांग्रेस के नेता बयानबाजी से कर रहे हैं प्रदेश की जनता का अपमान

**बेधड़क** | जयपुर

लोकसभा चुनाव के बाद भी प्रदेश में बयानों के जरिये सियासी पारा गर्म है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और पूर्व चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने सीएम भजनलाल शर्मा पर कटाक्ष किया, तो भाजपा प्रदेश प्रवक्ता और विधायक कुलदीप धनखड़ ने डोटासरा सहित कांग्रेस नेताओं पर निशाना साधा। धनखड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री और अन्य नेताओं पर बयानों पर खेद प्रकट करता हूं। कांग्रेस नेता इस तरह के बयान से प्रदेश की जनता का अपमान कर रहे हैं, वो लोकतंत्र को नहीं मानते हैं। कुलदीप धनखड़ ने कहा कि डोटासरा हर मीटिंग में सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए बयान देते हैं। कांग्रेस की हालत फटकारी दास जैसी हो गई है जो बोलता ही बोलता है, काम नहीं करता है। यदि कांग्रेस नेता काम करते, तो वर्ष 2023 में प्रदेश की जनता ने कांग्रेस को नकार कर भाजपा को बहुमत नहीं दिया होता। धनखड़ ने कहा कि डोटासरा शिक्षा मंत्री थे, जब तत्कालीन मुख्यमंत्री गहलोत के सामने शिक्षकों ने पर्ची से ट्रांसफर के आरोप लगाए थे। ऐसे में डोटासरा को आज भी पर्ची सिस्टम याद आता है।



### कुशासन के कारण कांग्रेस का सफाया

धनखड़ ने कहा कि राजस्थान में उनकी सरकार पर्ची और खर्ची पर चलती आई है। सपने में भी यही याद आता है। कांग्रेस नेता अपनी गिरेबान में झांक कर देखें कि पांच साल में कुशासन के कारण कांग्रेस का सफाया हुआ है। कांग्रेस के शासन में कितनी बार पेपर लीक हुए। बेरोजगार नौजवानों के साथ धोखा करने का काम किया। भजनलाल सरकार अच्छा काम कर रही है। प्रदेश सरकार ने एसआईटी का गठन कर पेपर माफिया को खत्म करने का काम किया है। डोटासरा सबको इस प्रकार मजाकिया लहजे में बोलते हैं, जैसे पैदा होते ही सांसद मंत्री बनकर आता है।

### भाजपा बड़ी और अनुशासित पार्टी

बयानों पर खामोशी: विधायक कुलदीप धनखड़ ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं राजेंद्र राठौड़, सुमेधानंद सरस्वती और देवी सिंह भाटी के हार को लेकर दिए बयानों पर कोई भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। धनखड़ ने कहा कि हमारा बड़ा परिवार है। अनुशासित पार्टी है। जब तक स्टेटमेंट अध्यक्ष, संगठन के द्वारा नहीं बताया जाता, तब तक बातचीत करना संभव नहीं है। पार्टी से बातचीत करेंगे और इसके बाद ही कुछ कह पाएंगे।

## जरूरी खबर

### बजरी कारोबारियों पर CBI के छापे, 14 जगह सर्च



**जयपुर।** सीबीआई टीम ने शनिवार को बजरी कारोबारियों के जयपुर समेत प्रदेश के विभिन्न जिलों में 14 ठिकानों पर रेड मारी है। छापे में कारोबारियों के यहां 20 लाख रुपए कैश और हथियार मिले हैं। कारोबारियों के यहां डॉक्युमेंट की जांच चल रही है। टोंक के धांधोली बजरी नाके, बनास क्षेत्र में ऑफिस, नेशनल हाईवे 52 पर दूनी थाना क्षेत्र में टीम सर्च कर रही है। वहीं, सवाई माधोपुर स्थित चौथ का बरवाड़ा में भी सीबीआई टीम पहुंची है। बड़े बजरी कारोबारी मेघराज सिंह के यहां भी कार्रवाई बताई जा रही है। हालांकि, एमआरएस ग्रुप ने ऐसी किसी कार्रवाई होने से इनकार किया है।

### HB आवासों के लिए अब 15 जुलाई तक होंगे आवेदन




**जयपुर।** राजस्थान आवासन मंडल ने विभिन्न आवासों और फ्लैट्स के लिए नई पंजीकरण योजनाओं की अंतिम तिथि को एक बार फिर बढ़ा दिया है। अब इन योजनाओं में 15 जुलाई तक आवेदन किए जा सकेंगे। 5 जिलों की योजनाओं में बढ़ाई गई अंतिम तिथि आदेश के तहत जयपुर के प्रताप नगर में ग्रीनवुड होरिजोन सेक्टर 28 में कुल 336, धौलपुर के बाड़ी रोड पर सेक्टर 4 और 5 में 13, भिवाड़ी के सेक्टर 7 में 15, किशनगढ़ खोड़ा गणेश रोड पर 104, हनुमानगढ़ में न्यू आवासीय योजना डीटीओ में 180 आवास/फ्लैट्स के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि बढ़ाई गई है। ऑनलाइन आवेदन हाउसिंग बोर्ड की वेबसाइट rhb.rajasthan.gov.in पर किए जा सकेंगे।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खबर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

पहली मंजिल पर बायोकेमिस्ट्री लैब के एसी में शॉर्ट सर्किट से हादसा

# महिला चिकित्सालय में आग, वार्ड में फंसे 50 मरीज बचाए


**बेधड़क** । जयपुर

सांगानेरी गेट स्थित महिला चिकित्सालय में शनिवार सुबह साढ़े 4 बजे भीषण आग लग गई। धूएं के बीच 50 से ज्यादा महिला और बच्चे फंस गए। घाटगेट से दो दमकल मौके पर पहुंची। इसके बाद सभी मरीजों को दूसरे वार्ड में शिफ्ट किया गया। सुबह करीब 7 बजे आग पर काबू किया गया। जांच में सामने आया की एसी में शॉर्ट सर्किट होने के कारण आग लग गई थी। एएफओ (आमेर) घनश्याम ने बताया कि सुबह 4:42 बजे आग की सूचना मिली थी। इस पर घाटगेट से दमकल की दो गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। आग अस्पताल की पहली मंजिल में बनी बायोकेमिस्ट्री लैब में एसी में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी थी। आग की चपेट में आने से लैब में रखी दो मशीनें, जांच के उपकरण सहित कई कागजात जल कर राख हो गए।



### ग्राउंड फ्लोर पर शिफ्ट किए गए मरीज

पहली मंजिल पर लगी आग का धुआं हॉस्पिटल की दूसरी और तीसरी मंजिल पर फैल गया। इस दौरान पहली मंजिल पर बने जनरल वार्ड में करीब 50 से अधिक महिला और बच्चों मौजूद थे। सभी को फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने ग्राउंड फ्लोर पर शिफ्ट किया। इस दौरान किसी भी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई।



### सैंपल और जांच रिपोर्ट जलकर राख

जब तक आग पर काबू पाया गया, तब तक पूरी लैब जलकर राख हो गई। इस लैब में बड़ी संख्या में महिला मरीजों के सैंपल थे। जो आग में जल गए। इसके साथ ही लैब में कंप्यूटर, फ्रीज व अन्य सभी सामान जल गया। इसके चलते बड़ी संख्या में मरीजों की सैंपल भी जलने की सूचना है। दरअसल बायोकेमिस्ट्री लैब में कोलेस्ट्रॉल, शुगर, लिवर और किडनी की जांच आदि के सैंपल होते हैं।

### एक ओटी बंद किया गया

सांगानेरी गेट महिला चिकित्सालय की अधीक्षक आशा वर्मा ने बताया कि आग के कारण एक थायराइड जांचने की मशीन भी जल गई। आग के दौरान मरीजों को शिफ्ट करने की जरूरत नहीं थी। फिर भी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पहली मंजिल से ग्राउंड फ्लोर पर शिफ्ट कर दिया गया है। एक ओटी को भी बंद कर दिया गया है। इसे फिर से सेनेटाइज कर शुरू किया जाएगा।

फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट की टीम ने राजधानी में दो स्थानों पर की कार्रवाई

# डी-मार्ट और अनुज ट्रेडिंग कंपनी से 662 ली. घी का स्टॉक सीज

**बेधड़क** । जयपुर

फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट की टीम ने शनिवार को राजधानी में दो स्थानों पर कार्रवाई करते हुए 662 लीटर घी का स्टॉक सीज किया। इन दोनों जगहों से सैंपल लेकर जांच के लिए लैब भिजवाया गया है। ये कार्रवाई झोटवाड़ा स्थित ट्राइटन मॉल के पास स्थित डी-मार्ट स्टोर और कुकरखेड़ा मंडी स्थित अनुज ट्रेडिंग कंपनी के की गई। खाद्य सुरक्षा आयुक्त इकबाल खान के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई।

अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा ने बताया कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल को प्राप्त शिकायत के आधार पर महल रोड जगतपुरा स्थित मेसर्स खंडेलवाल ढाबा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान भारी मात्रा में गंदगी पाई गई। साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक नहीं पाई गई। सभी खाद्य पदार्थ बिना ढके हुए थे। कार्यरत स्टाफ का मेडिकल सर्टिफिकेट नहीं पाया गया और ना ही पानी की जांच रिपोर्ट पाई गई। पेस्ट कंट्रोल का रिकॉर्ड भी नहीं पाया गया।





### झोटवाड़ा में भी नकली घी सीज

नकली घी को लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई जारी है। शनिवार को टाइटन मॉल झोटवाड़ा स्थित डी मार्ट पर सर्च अभियान के दौरान टीम को 2 लीटर नकली सरस घी मिला, जिसे सीज किया गया। सरस डेयरी के प्रतिनिधि भी वहां पहुंचे हैं। साथ ही और दूसरी कंपनियों के घी की भी जांच पड़ताल साथ में की जा रही है। ट्राइटन माल स्थित डी मार्ट के विरुद्ध भी सरस डेयरी के अधिकारियों द्वारा एफआईआर को पूर्ववर्ती एफआईआर के साथ क्लब करवाया जा रहा है।

### कैमिकल के ड्रमों में खाद्य सामग्री!

ओझा ने बताया कि खाना बनाने के काम आने वाली सामग्री रंग एवं कैमिकल और फेविकोल के खाली ड्रमों में भरकर रखी गई थी, जिसे मौके पर ही खाली करवाया गया तथा स्टील के ड्रम में रखने के लिए पाबंद किया गया। दोपहर में ही रात के खाने के लिए प्याज और सलाद काटा जा रहा था, जिसे मौके पर ही नष्ट करवाया गया। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत मौके से मावा, पनीर और प्याज की ग्रेवी के नमूने लिए गए जांच के लिए। साथ ही, धारा 32 के अंतर्गत नोटिस जारी किया गया। इसकी पालना नहीं करने पर फूड लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी। कार्रवाई में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय के खाद्य सुरक्षा अधिकारी दीपक कुमार सिंधी, रमेश चंद्र यादव और राजेश कुमार नागर शामिल रहे।

### अजमेर सरस डेयरी को दी सूचना

कूकरखेड़ा स्थित अनुज ट्रेडिंग कंपनी पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम और सरस डेयरी टीम द्वारा निरीक्षण किया तो दुकान में 430 पैकेट एक लीटर और 230 पैकेट आधा लीटर सरस घी के मिले, जो अजमेर डेयरी से निर्मित था। जयपुर सरस डेयरी से निर्मित सरस घी नहीं मिला। सरस टीम द्वारा इसको सही बताया और पूरी जांच के लिए अजमेर सरस डेयरी को सूचना दी गई। जांच रिपोर्ट आने तक विक्रय से रोका गया है।

### मालवीय नगर थाने में FIR दर्ज

नकली घी की खेप मिलने पर जयपुर सरस डेयरी प्रशासन ने मालवीय नगर स्थित डी-मार्ट स्टोर के प्रबंधन के खिलाफ मालवीय नगर थाने में कॉपी राइट्स और अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। बता दें एक दिन पहले यानी शुक्रवार और गुरुवार को भी टीम ने डी-मार्ट के अलग-अलग स्टोर पर छापा मारते हुए सरस और एक अन्य ब्रांड का 2700 लीटर से ज्यादा घी सीज किया था। बिक्री पर रोक लगाई थी।

अलसुबह 5 बजे दबिश अभियान

## 996 बदमाशों के घर पहुंची पुलिस,393 को किया गिरफ्तार



**बेधड़क** । जयपुर

कमिश्नरेट पुलिस ने शनिवार को विशेष अभियान चलाकर जयपुर सिटी में रहने वाले 996 आदतन अपराधियों के घरों पर दबिश दी। एकाएक पुलिस को सुबह 5 बजे घर पर देखने पर बदमाशों में हड़कम्प मच गया। पुलिस की टीमों ने इस दौरान बदमाशों के घर पर सर्च किया। कई बदमाशों के घर से हथियार और नशा मिला।

पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोजफ ने बताया कि शहर के आदतन अपराधियों के घरों पर आज सुबह 5 बजे दबिश दी गई। शहर में दहशतगर्दी एवं आपराधिक गतिविधियों के खिलाफ कमिश्नरेट पुलिस का यह एक संयुक्त दबिश, गिरफ्तारी व तलाशी अभियान था। हिस्ट्रीशीटर, हार्डकोर, गैंग्स एवं सक्रिय अपराधियों के ठिकानों एवं मकानों को चिन्हित कर के दबिश दी गई थी। कुल 996 हिस्ट्रीशीटर, हार्डकोर, गैंग्स एवं सक्रिय अपराधियों के ठिकानों पर यह दबिश मारी गई थी। दबिश के दौरान पुलिस ने कुल 475 अपराधी पूछताछ के लिए थाने लेकर आए। जिनमें से 393 अपराधियों को गिरफ्तार किया, जिसमें एनडीपीएस एक्ट में 1, आबकारी अधिनियम में 23, आर्म्स एक्ट में 1, अन्य एक्ट में 3 प्रकरण दर्ज, धारा 151 सीआरपीसी में 297, धारा 110 सीआरपीसी में 5, धारा 107/116 सीआरपीसी में 11,9 संदिग्ध वाहन जब्त किए।

ज्येष्ठ पूर्णिमा पर 124 स्थानों पर गायत्री यज्ञ

## अच्छी बरसात के लिए दी आहुतियां

**बेधड़क** । जयपुर



अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से ज्येष्ठ पूर्णिमा पर शनिवार को गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ अभियान के अंतर्गत 125 स्थानों पर हवन कराया गया। यज्ञ के ज्ञान विज्ञान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए आयोजित यज्ञ में करीब 11 हजार आहुतियां अर्पित की गई। गायत्री और महामृत्युंजय महामंत्र के अलावा प्रदेश में अच्छी वर्षा की कामना के साथ विशिष्ट मंत्रों से भी आहुतियां प्रदान की गई। गायत्री परिवार जयपुर उप जोन के समन्वयक सुशील कुमार शर्मा ने दुर्गापुरा स्थित गायत्री चेतना केन्द्र से यज्ञ का संचालन किया। गायत्री परिवार राजस्थान के प्रभारी ओमप्रकाश अग्रवाल ने यज्ञ के बाद कहा कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन और राष्ट्र को सशक्त-समर्थ बनाने के लिए सामूहिक यज्ञों का सतत आयोजन होना चाहिए। यज्ञ की पूर्णाहुति में पेड़ लगाने का संकल्प कराया गया। गायत्री यज्ञ का आयोजन गायत्री शक्तिपीठ वाटिका, गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी, वेदना निवारण केन्द्र, गायत्री शक्तिपीठ कालवाड़ सहित सभी चेतना केन्द्रों, प्रज्ञा केन्द्रों और प्रायः हर कॉलोनी में किया गया।

NSUI ने फूंका शिक्षा मंत्री मदन दिलावर का पुतला, चेताया...

## माफी नहीं मांगी तो प्रदेशभर में होगा आंदोलन

**बेधड़क** । जयपुर

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर द्वारा आदिवासियों को लेकर दिए गए बयान को लेकर विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। शनिवार को विधानसभा के बाहर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं द्वारा शिक्षा मंत्री मदन दिलावर का पुतला फूंक विरोध प्रदर्शन किया गया। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने कहा कि अगर समय रहते शिक्षा मंत्री ने अपने बयान के लिए सार्वजनिक माफी नहीं मांगी तो संगठन प्रदेशभर में शिक्षा मंत्री के खिलाफ अभियान चलाएगा।




एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रवक्ता रमेश भाटी ने कहा कि शिक्षा मंत्री ने आदिवासियों के खिलाफ अमर्यादित बयान दिया है। इससे न सिर्फ राजस्थान बल्कि, देश के प्रत्येक आदिवासी में आक्रोश है। इसलिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को तुरंत शिक्षा मंत्री मदन दिलावर को बर्खास्त कर देना चाहिए। भाटी ने कहा कि अगर अब भी सरकार नहीं जागी और शिक्षा मंत्री के खिलाफ कार्रवाई नहीं की तो हम प्रदेशभर में बड़ा आंदोलन करेंगे। बता दें कि शुक्रवार को शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बीएपी नेताओं की ओर से खुद को हिंदू नहीं माने जाने पर ऐतराज जताते हुए कहा कि 'जो पार्टी देश और समाज को तोड़ने की गतिविधियां शुरू करें। उन्हें किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। BAP के नेता खुद को हिंदू नहीं मानते हैं तो उनके डीएनए की जांच करा लेंगे। हमारे यहां कुछ लोग वंशावली देखते हैं, उनसे भी चेक करवाया जाएगा।'

मौसम: प्रदेश के जिलों में अभी दो दिन जारी रहेगा बारिश का दौर

# दिनभर तपता रहा जयपुर शहर, ग्रामीण में कई जगह राहत के छींटे

**बेधड़क** । जयपुर

प्रदेश में पिछले दो दिनों से कुछ जिलों में जारी बारिश का दौर फिलहाल जारी रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार राजस्थान में प्री-मानसून की रफ्तार अब बढ़ जाएगी। इस दौरान राजस्थान के कई जिलों में बारिश की संभावना है। शनिवार को जयपुर शहर में बारिश नही हुई, हालांकि ग्रामीण इलाकों में दोपहर बाद हल्की बूंदाबांदी रही। झालावाड़, कोटा व जयपुर जिले में कहीं-कहीं भारी बारिश दर्ज की गई। सर्वाधिक बारिश झालावाड़ के खानपुर में 117 मिमी (अति भारी बारिश) दर्ज की गई। इसके अलावा चेचक कोटा में 106, गंगधर झालावाड़ में 84 मिमी, फागी जयपुर में 80 मिमी दर्ज हुई है। पश्चिमी राजस्थान के पचपदरा, बाड़मेर में 23 मिमी सर्वाधिक बारिश दर्ज की गई। मेघगर्जन बारिश की गतिविधियां शनिवार को भी जालोर, बीकानेर, जोधपुर, जयपुर, उदयपुर, अजमेर व कोटा संभाग के कुछ भागों में दोपहर बाद हल्की बारिश हुई।



### प्री-मानसून की रफ्तार बढ़ेगी

मौसम विभाग के अनुसार राजस्थान में प्री-मानसून की रफ्तार अब बढ़ जाएगी। इस दौरान राजस्थान के कई जिलों में बारिश की संभावना जताई गई है। दक्षिणी व दक्षिण-पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में मानसून पूर्व की गतिविधियां आगामी दिनों में जारी रहने तथा उदयपुर, कोटा, जोधपुर व अजमेर संभाग के कुछ भागों में आगामी 3-4 दिन मेघगर्जन-बारिश की गतिविधियां जारी रहने की संभावना है। उत्तरी व उत्तर पूर्वी राजस्थान के बीकानेर, जयपुर व भरतपुर संभाग के कुछ भागों में आगामी दो-तीन दिन बारिश की गतिविधियों में कमी होने तथा तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस बढ़ोतरी होने की संभावना है।

### तेज हवा और बारिश का अलर्ट

मौसम विभाग ने बारिश को लेकर आगामी दिनों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान झुंझुनू, सीकर, जयपुर और धौलपुर जिलों में कहीं-कहीं पर मेघगर्जन के साथ ही 25 से 35 किलोमीटर की रफ्तार से तेज सतही हवाएं चलेगी और हल्की वर्षा होने की संभावना है। विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए अलवर, भरतपुर, जैसलमर, बीकानेर, जोधपुर, उदयपुर, बूंदी और चित्तौड़गढ़ जिलों में कहीं-कहीं पर मेघगर्जन के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है। इस दौरान बारिश के साथ आकाशीय बिजली चमकेगी। इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर की रफ्तार से तेज सतही हवाएं चलने की संभावना है।

## जरूरी खबर

### रात्रि चौपाल में कलेक्टर ने सुनी आमजन की पीड़ा



**सीकर।** जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने पंचायत समिति खंडेला की ग्राम पंचायत दूधवालों का बास में रात्रि चौपाल आयोजित कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को उनके शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान पेयजल आपूर्ति, ट्यूबवेल का कनेक्शन करवाने, पेयजल के लिए सिंगल फेस ट्यूबवेल स्वीकृत करवाने, गांव में गंदे पानी की निकासी, ब्राह्मणवास, दूधवालों का बास में पोषाहार चोरी की घटनाओं को रोकने, सामुदायिक शौचालय बनाने सहित अन्य समस्याएं बताई। इस दौरान कलेक्टर ने पौधारोपण का भी आह्वान किया।

### बीज प्रशिक्षण में बताई उन्नत खेती की तकनीक

**सीकर।** बारिश की शुरुआत होते ही किसानों के चेहरे खिल गए हैं। फसल बुआई के लिए बारिश का इंतजार कर रहे किसानों ने अब बीज बोने की तैयारी कर ली है। किसान को अच्छी उपज मिले इसके लिए विभिन्न संगठनों की ओर से प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसके तहत कृषि विशेषज्ञ डॉ. विमल पांडेय के नेतृत्व में किसानों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। इसमें उन्होंने किसानों को अच्छे बीज के चुनाव के प्रेरित किया। उन्होंने संकर प्रजाति 86एम94 बीज के प्रयोग का सुझाव दिया। डॉ. पांडेय ने बताया कि किसानों को बरसात होने के बाद भूमि में नमी होने पर ही बाजरे की बुवाई करनी चाहिए।

### योग से कई अंगों के दर्द को दूर करने के बताए उपाय



**उदयपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर जिले में योग का उल्लास देखने को मिला। जिले के दर्शन दंत महाविद्यालय एवं हॉस्पिटल में चेयर योगा किया गया। योग गुरु अनीता बाबेल ने चेयर योगा से कमर दर्द, गर्दन दर्द आदि से निजात पाने के उपाय बताए। कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. विकास पुनिया ने सभी स्टाफ मेंबर्स और छात्र छात्राओं को चेयर योगा की महत्वता को उजागर करते हुए उसके फायदों के बारे में बताया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. पुलकित चतुर्वेदी एवं उप प्रधानाचार्य डॉ. रविकिरण गौड़ा ने योग को जीवन शैली में शामिल करने का आह्वान किया।

**आस्था का उत्सव:** 6 जुलाई को देंगे दर्शन... जगन्नाथपुरी की तर्ज पर निकलेगी शोभायात्रा

# ठाकुरजी को चढ़ा बुखार, 15 दिन गर्भगृह में चलेगा इलाज

**बेधड़क** | अलवर

उड़ीसा के पूरी की तर्ज पर अलवर में भी भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा पूरे धूमधाम से निकाली जाती है।

अलवर जिले के राजगढ़ क्षेत्र में जन-जन की आस्था के केंद्र चौपड़ बाजार स्थित जगन्नाथ मंदिर पर भगवान का 108 कलशों से पंचामृत अभिषेक किया गया। इसके बाद भगवान जगन्नाथ गर्भ गृह में चले गए।

इसी के साथ अलवर जिले के राजगढ़ क्षेत्र में मेले की शुरुआत हो गई। राजगढ़ कस्बे के जगन्नाथ मंदिर के महंत पुरणदास शास्त्री ने बताया कि अभिषेक के पश्चात भगवान का गणेश रूपी श्रृंगार किया व झांकी सजाई गई। इसके पश्चात श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। इसके बाद भगवान जगन्नाथ 15 दिनों तक गर्भ गृह में चले गए।

महंत के अनुसार गर्भ गृह में प्रवेश करने पर भगवान जगन्नाथ का औषधि युक्त काढ़े आदि से इलाज किया जाएगा। पौराणिक परंपरा व मान्यताओं के अनुसार कहा जाता है कि भगवान को स्नान करने के बाद ज्वर पीड़ा होती है। इससे निजात दिलाने के लिए 15 दिनों तक भगवान को गर्भ गृह में विराजित किया जाता है।



### आषाढ़ शुक्ल प्रतिपदा को आएंगे बाहर

मंदिर के महंत ने बताया कि आषाढ़ शुक्ल प्रतिपदा 6 जुलाई को भगवान गर्भ गृह से बाहर आएंगे और भक्तों को दर्शन देंगे। उन्होंने बताया कि पूरी की परंपरा के अनुसार इस दिन स्नान से भगवान जगन्नाथ समस्त जीवों का कल्याण करते हैं। इसी दिन नेत्रोत्सव, मंदिर मार्जन व गणेश पूजन होगा। 7 जुलाई को भगवान क्षेत्र स्थित चौपड़ बाजार से जानकी माता को ब्याहने के लिए ऐतिहासिक मेला स्थल गंगा बाग पहुंचेंगे।

### भक्तों को रहता है मेले का इंतजार

राजगढ़ क्षेत्र के निवासी सुनील ने बताया कि पौराणिक परंपराओं के अनुसार राजगढ़ क्षेत्र में कई सालों से भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली जाती है। इसको लेकर लोगों में अलग ही उल्लास रहता है। गंगा बाग स्थित मंदिर पर माता जानकी व जगन्नाथ का वरमाला महोत्सव पूरे धूमधाम से आयोजित होता है। वरमाला महोत्सव के समय मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रहती है और सभी इस वरवाला की साक्षी बनते हैं। इस पल के लिए लोगों को इंतजार रहता है। लोग इस मेले में शामिल होकर जय जगन्नाथ की जयकारे लगाते हैं।

**हनुमान मंदिर के सामने ईदगाह के** गेट खोलने को लेकर विवाद

# देर रात सूरसागर में भड़का तनाव, स्थिति पर पाया काबू

**बेधड़क** | जोधपुर

जिले के सूरसागर इलाके में शुक्रवार शाम को एक ईदगाह के गेट खोले जाने को लेकर विवाद भड़क गया। राजाराम सर्किल के पास हुई इस हिंसा का कारण ईदगाह के पीछे की तरफ बनाया जा रहा एक गेट है। इस गेट के निर्माण को लेकर करीब 15 साल पहले भी विवाद हुआ था, जिसके बाद इसके निर्माण पर रोक लगा दी गई थी। लेकिन शुक्रवार शाम उस समझौते को तोड़ दिया गया।

हनुमान मंदिर के सामने ईदगाह का गेट खोलने की खबर हिंदू समाज के लोगों को पता चलते ही वो इसका विरोध करने पहुंच गए। कुछ देर की गहमागहमी के बाद गेट हटाने पर सहमति बन गई। हालांकि अल्पसंख्यक समुदाय के कुछ लोगों को यह फैसला पसंद नहीं आया और देर रात वो सड़कों पर उतर आए। इसके बाद दोनों समुदाय के लोगों में करीब डेढ़ घंटे तक पत्थरबाजी हुई। इस दौरान एक दुकान और एक ट्रैक्टर को आग लगा दी गई। जबकि एक जीप में तोड़फोड़ की गई। नाव के बाद उपजे हालातों पर नियंत्रण पाने के लिए पुलिस ने कार्रवाई की। नतीजतन शनिवार को क्षेत्र में शांति देखने को मिली।

बावजूद इसके एहतियातन इलाके में पुलिस जाप्ते की तैनाती की गई, ताकि आगे किसी प्रकार की दिक्कतें पेश न आए। वहीं, मामले में गिरफ्तार लोगों को शनिवार को कोर्ट में पेश किया गया। उसके बाद उन्हें दूसरे मामलों में गिरफ्तार कर लिया गया।

इधर, एक पीड़िता आंखों में पत्थर लगने से गंभीर रूप से जख्मी हो गई। महिला ने थाने में रिपोर्ट दी है। उसके अलावा निजी अस्पताल में भर्ती चौहाबो थाना अधिकारी नितीन दवे की ओर से भी मामला दर्ज करवाया जाएगा। इस मामले में पुलिस की कार्रवाई को लेकर एक गुट की महिला और पुरुषों ने आरोप लगाया है कि रात को उनके घरों में पुलिस घुस आ गई थी और उनसे मारपीट की गई।

वहीं, एक समुदाय विशेष के लोगों ने पुलिस कमिश्नर से मिलकर अपनी बात रखी और निष्पक्ष जांच की मांग की। इधर, प्रदेश सरकार ने भी इस मामले की पूरी रिपोर्ट पुलिस व प्रशासन से तलब की है।

कहा जा रहा है कि भाजपा नेताओं ने भी मामले का इनपुट सरकार को भेजा है। केंद्रीय पर्यटन व संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने भी इस घटना पर दुख जताते हुए मामले की पूरी जानकारी स्थानीय अधिकारियों से ली है।



### 45 लोग गिरफ्तार, 200 पर मामला दर्ज

जोधपुर पश्चिम के पुलिस उपायुक्त राजेश कुमार यादव ने बताया कि बीते रात हुए इस तनाव में दो पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। हमने दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर दो एफआईआर दर्ज की हैं। इन एफआईआर में कुल 200 लोगों के नाम हैं। अब तक कुल 45 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिसमें से 7 हिंदू समुदाय से हैं। शेष संदिग्धों को पकड़ने के लिए पुलिस इलाके में छापेमारी कर रही है। इस वक्त स्थिति नियंत्रण में है।

### पथराव करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**अजमेर।** किशनगढ़ सब्जी मंडी में पशु अवशेष मिलने से हुए पथराव में शामिल दो जनों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पथराव में किशनगढ़ ग्रामीण डीवाईएसपी का चालक गोपाल लाल चोटिल हो गया था। मामले में अज्ञात पत्थरबाजों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि 19 जून को किशनगढ़ सब्जी मंडी स्थित ओसवाली मोहल्ला क्षेत्र में पशु अवशेष पर लोगों में आक्रोश फैल गया और लोग घटनास्थल पर जुट गए। उपद्रवी लड़कों ने पुलिस पर पथराव कर दिया। इस पथराव में किशनगढ़ ग्रामीण क्षेत्र के डीवाईएसपी की गाड़ी में तोड़फोड़ की गई। इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि मदनगंज थाना क्षेत्र में पुरानी मिल के समीप में रहने वाले किशन उर्फ सनी वाल्मीकि और किशनगढ़ में मालियों की बाड़ी निवासी विशाल मालाकार उर्फ बिसु को गिरफ्तार किया गया है। उपद्रव में शामिल अन्य आरोपियों की भी पहचान की जा रही है। मामले में अनुसंधान जारी है।

**मानवता शर्मसार... कार्रवाई के निर्देश**

# लावारिस के शव को कचरा गाड़ी में श्मशान ले गए पुलिसकर्मी



**बेधड़क** | धौलपुर

जिले में मानवता को शर्मसार करते हुए लावारिस व्यक्ति के शव की बेकर्दी करने का मामला सामने आया है। दरअसल लावारिस शव को श्मशान पहुंचाने के लिए पुलिस ने नगर परिषद के कचरा वाहन का इस्तेमाल किया। पुलिस की इस संवेदनहीनता का वीडियो अब सोश्यल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी ने पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। जानकारी के मुताबिक बीते 10 जून को थाना कोतवाली क्षेत्र के राजाखेड़ा बाइपास पर श्मशान भूमि के पास स्थित एक खंडहरनुमा मकान की बांउड्री के करीब से एक व्यक्ति का शव मिला था। मृतक की शिनाख्त नहीं होने पर पुलिस ने अज्ञात शव को पुराने अस्पताल की मोर्चरी मे रखवाया दिया था। 72 घंटे बीतने के बाद भी जब शव का कोई दावेदार नहीं पहुंचा तो नियमानुसार कोतवाली पुलिस को लावारिस शव का अंतिम संस्कार करना था। 13 जून को कोतवाली पुलिस शव का अंतिम संस्कार करने के लिए मोर्चरी पहुंची। वहां चंबल किनारे स्थित श्मशान स्थल तक लावारिस शव को पहुंचाने के लिए पुलिस ने नगर परिषद के कूड़ा उठाने वाले ट्रैक्टर का इस्तेमाल किया। वहीं, कूड़े गाड़ी में पहले से कूड़ा भरा था। इस दौरान किसी ने वाडियो बना लिया। कलेक्टर श्रीनिधि बीटी ने कहा कि लावारिस शव के अंतिम संस्कार कराने की जिम्मेदारी जिस पुलिसकर्मी को सौंपी गई थी, उसके खिलाफ कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं। आगे से लावारिस शवों के अंतिम संस्कार के लिए एंबुलेंस या मोक्षधाम के वाहन का इस्तेमाल करने का आदेश दिया गया है।

**30 जून से 7 जुलाई तक होगा आयोजन,** तैयारियों पर चर्चा

## खेल महाकुंभ में युवा दिखाएंगे जज्बा

**बेधड़क** | अजमेर

शहर में आगामी दिनों में होने वाले सम्राट पृथ्वीराज चौहान खेल महाकुंभ में युवाओं का जज्बा देखने को मिलेगा। 30 जून से 7 जुलाई तक विभिन्न स्थानों पर अलग-अलग खेलों के मुकाबले होंगे।

नगर निगम अजमेर व क्रीड़ा भारती के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले सम्राट पृथ्वीराज चौहान खेल महाकुंभ 2024 की तैयारी को लेकर शनिवार को बैठक आयोजित की गई। इसमें महापौर ब्रजलाता हाड़ा, कार्यक्रम संयोजक व उपमहापौर नीरज जैन के नेतृत्व में खेल महाकुंभ की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। महापौर हाड़ा ने बताया कि आयोजन के सफल संचालन के लिए खेल अधिकारियों, खेल विशेषज्ञ, पार्षदों की कमेटी बनाई गई है। उपमहापौर नीरज जैन ने बताया कि अजमेर की प्रतिभाओं को मंच देने व उनके सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा कई वर्षों से अनवरत खेल महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रवेश निशुल्क रहेगा। खिलाड़ियों में टीम भावनाएं बढ़े इसके लिए आयोजित खेल महाकुंभ में कबड्डी, बॉलीवॉल, बैडमिंटन, हॉकी, शूटिंग, बास्केटबॉल, कुश्ती, लॉन टेनिस, फुटबॉल, बॉक्सिंग, साइकिलिंग, स्विमिंग, योग, खो-खो, टेबल टेनिस, स्केटिंग, तीरंदाजी आदि खेलों की प्रतियोगिताएं होंगी। बैठक में नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी सहित क्रीड़ा भारती के पदाधिकारी मौजूद रहे।



**मंदिर में चल रहे जीर्णोद्धार कार्यों का किया अवलोकन**

## श्रीनाथजी के दर्शन करने पहुंची वसुंधरा राजे

**बेधड़क** | राजसमंद

प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे सिंधिया ने शनिवार को श्रीनाथजी के दर्शन कर अपने दौरे की शुरुआत की।

लोकसभा चुनावों के बाद पहली बार प्रदेश के दौर पर निकली राजे ने दोपहर 4 बजे नाथद्वारा में श्रीनाथजी के उत्थापन झांकी के दर्शन किए। जिसके बाद राजे का मंदिर परंपरानुसार कृष्ण भंडार के सहायक अधिकारी अनिल सनाढय व सचिव लीलाधर पालीवाल ने रजाई ओढ़ाकर व प्रसाद भेंटकर स्वागत किया। इस दौरान राजे ने मंदिर विस्तार व सौंदर्यीकरण कार्यों का अवलोकन भी किया। राजे ने बैठक के जीर्णोद्धार कार्य को देखा व मंदिर के तिलकायत राकेश महाराज से फोन पर बात कर आशीर्वाद लिया। स्वर्गीय सुंदर सिंह भंडारी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा भंडारी की पुण्यतिथि एवं जनसंघ के संस्थापक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर उदयपुर में आयोजित विशिष्ट जन सम्मान समारोह एवं व्याख्यान माला में वसुंधरा राजे मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत करेंगी। इससे पूर्व सुबह 9 बजे सूरजपोल स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा स्थल पर उनके बलिदान दिवस पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगी।

श्रीनाथजी मंदिर में दर्शन के बाद मोती महल चौक में भाजपा कार्यकर्ताओं ने राजे का स्वागत किया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष मानसिंह बारहट, जिला मंत्री सीपी धींग, नर्बदशंकर पालीवाल, पूर्व भिंडर विधायक रणधीर सिंह, नगर अध्यक्ष प्रदीप काबरा, जिला प्रमुख रतनी देवी, योगेंद्र सिंह चौहान, गिरीश पुरोहित, महेश चौधरी, परेश सोनी, जितेंद्र सोमानी, गिरवर सिंह, पार्षद ललिता काबरा, जागृति सोनी सहित अन्य मौजूद रहे।



**तीन चैनल गेट खोले... 1 फुट 4 इंच कम करेंगे पानी**

# बारिश में कॉलोनियों को बचाने के लिए घटा रहे आनासागर का जलस्तर

**जल संसाधन विभाग के कार्यालय में खोला गया कंट्रोल रूम**

**बेधड़क** | अजमेर

मानसून में बारिश की स्थिति को देखते हुए अजमेर शहर के बीच बनी खूबसूरत आना सागर झील के जल स्तर को कम किया जा रहा है। जिला कलेक्टर भारती दीक्षित के निर्देश पर शनिवार को झील के चार चैनल गेट में से तीन खोले गए।

झील में से कुल एक फिट चार इंच पानी निकाला जाएगा, ताकि आगामी बारिश के पानी की आवक के लिए इसमें पर्याप्त जगह हो। इन चैनल गेट के माध्यम से प्रतिदिन झील से 3.12 एमसीएफटी पानी निकाला जाएगा। इधर, मानसून को देखते हुए अजमेर प्रशासन अलर्ट हो गया है। अजमेर के जल संसाधन विभाग के कार्यालय में कंट्रोल रूम खोला गया है। वर्तमान में आनासागर झील का जलस्तर 12 फिट 4 इंच है। झील से 1 फिट 4 इंच पानी कम करके इसका जल स्तर 11 फिट तक लाने की कवायद की जा रही है। जिला कलेक्टर भारती दीक्षित के निर्देश पर जल संसाधन विभाग के अधिशासी अभियंता सत्येंद्र मीणा, एडीएम सिटी गजेंद्र सिंह राठौड़ और नगर निगम उपायुक्त लक्ष्मी शेखावत और विभाग के एईएन, जेईएन आदि अधिकारियों की मौजूदगी में झील के तीन गेट खोले गए।



### 24 दिन एस्केप चैनल में छोड़ा जाएगा पानी

जल संसाधन विभाग में अधिशासी अभियंता सत्येंद्र मीणा ने बताया कि आनासागर झील के तीन चैनल गेट खोले गए हैं। इन गेटों को छह इंच तक खोला गया है। प्रतिदिन 3.12 एमसीएफटी पानी झील से निकाला जाएगा। वर्तमान में झीलों का स्तर 12 फिट 4 इंच है। इस जलस्तर को घटाकर 11 फिट किया जाएगा। यानी 1 फिट 4 इंच पानी झील से निकल जाएगा। 24 दिन तक झील का पानी आना सागर एस्केप चैनल में छोड़ा जाएगा, तब 11 फिट झील का स्तर होगा। उन्होंने बताया कि इस अंतराल में यदि तेज बारिश होती है तो झील से पानी निकालने का समय और भी बढ़ सकता है। उन्होंने बताया कि आना सागर एस्केप चैनल से पानी दोराई, तबीजी, पीसांगन होते हुए गोविंदगढ़ बांध में जाता है।

### इसलिए घटाया जा रहा जलस्तर

आनासागर सागर झील की कुल भराव क्षमता 13 फीट है, लेकिन आना सागर झील की भूमि पर कई कालोनियां बस गई। ऐसे में बारिश के दिनों में झील का स्तर बढ़ने पर इन कॉलोनियों में पानी भर जाता है और यहां बाढ़ की स्थिति नजर आने लगती है। सागर विहार कॉलोनी, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, महावीर कॉलोनी, वन विहार कॉलोनी, थर्ड सेक्टर और करणी विहार आदि क्षेत्रों में पानी भर जाता है। लिहाजा, स्थिति से निपटने के लिए जिला प्रशासन ने आनासागर झील के जल स्तर को घटाना ही मुनासिब समझा। बता दें कि दो दशक पहले आनासागर झील की भराव क्षमता 16 फीट थी।

### आरएसएसबी की ओर से 202 पदों के लिए महिला पर्यवेक्षक भर्ती परीक्षा (आंगनबाड़ी कार्यकर्ता) परीक्षा आयोजित

# सात जिलों में 9 हजार से ज्यादा अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से शनिवार से प्रतियोगिता परीक्षाओं का दौर शुरू हो गया। शनिवार को महिला पर्यवेक्षक (आंगनबाड़ी कार्यकर्ता) के 202 पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा प्रदेश के अजमेर, भरतपुर, बीकानेर जयपुर, जोधपर, कोटा एवं उदयपुर सहित सात जिलों के 55 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की गई। परीक्षा में कुल 14977 परीक्षार्थियों में से 9376 (लगभग 62.60 प्रतिशत) परीक्षार्थी उपस्थित रहे। सभी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई तथा परीक्षा आयोजन में सहयोग बोर्ड अध्यक्ष ने जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग को धन्यवाद दिया है। इधर, राज्य सरकार के निर्देश पर कर्मचारी चयन बोर्ड ने 27, 29 और 30 जून में होने वाली तीन अन्य भर्ती परीक्षाओं को फिलहाल स्थगित कर दिया है। राज्य सरकार ने फीटर, इलेक्ट्रीशियन और रेफ्रीजरेशन एंड एयर कंडीशनिंग ट्रेड कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती परीक्षा की स्थगित करने का फैसला लिया है। कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग ने राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड को इस संबंध में अवगत कराते हुए आगामी अक्टूबर-नवम्बर महीने में ये भर्ती परीक्षा आयोजित करवाने का आग्रह किया है। विभाग के शासन सचिव पीसी किशन ने बताया कि ये फैसला राजस्थान तकनीकी प्रशिक्षण अधीनस्थ सेवा नियम 1975 (संशोधित) में क्राफ्ट्समैन इंस्ट्रक्टर ट्रेनिंग स्कीम (सीआईटीएस) पाठ्यक्रम अनिवार्य करने के कारण लिया गया है।

### अब अक्टूबर-नवंबर में होगी एग्जाम

दरअसल सीआईटीएस की परीक्षा जुलाई महीने में होगी और अक्टूबर में परिणाम घोषित होना प्रस्तावित है। ऐसे में कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ के निर्देश पर इस परीक्षा में बैठने वाले अभ्यर्थियों के हित को देखते हुए भर्ती परीक्षा की तिथि स्थगित करने का फैसला लिया गया है। विभाग ने राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड को इस फैसले से अवगत कराने के लिए पत्र लिखा है। पत्र में ये भर्ती परीक्षा आगामी अक्टूबर-नवम्बर माह में आयोजित करवाने का आग्रह किया गया है। अब कर्मचारी चयन बोर्ड आगामी परीक्षा तिथि की घोषणा करेगा।



### संशोधित कैलेंडर जल्द होगा जारी

कर्मचारी चयन बोर्ड के अध्यक्ष मेजर जनरल आलोक राज ने बताया कि 27, 29 और 30 जून को होने वाली इस भर्ती परीक्षा को लेकर जल्द संशोधित कैलेंडर जारी किया जाएगा। बता दें कि इस संबंध में अभ्यर्थियों ने मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ से मुलाकात कर परीक्षा तिथि आगे बढ़ाने का आग्रह किया था। जिस पर उन्होंने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) विद्यार्थियों के हित में भर्ती परीक्षा की तिथि स्थगित करने के निर्देश दिए।

### एक घंटें पहले एंट्री बंद

यह परीक्षा एक ही पारी में सुबह 10 से शुरू हुई। अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र पर परीक्षा समय से 2 घंटे पहले अपनी उपस्थिति दी और परीक्षा प्रारंभ होने के नियत समय से 1 घंटे पूर्व तक ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति दी गई। इसके बाद किसी भी स्थिति में परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया गया। परीक्षा केंद्र पर अपना प्रोविजनल ई प्रवेश पत्र, एक मूल फोटो युक्त पहचान पत्र दिखाने व आधार कार्ड से पहचान सुनिश्चित करने के बाद एन्ट्री मिली। इस दौरान पुलिस जाब्ता भी तैनात रहा।

## Yuva स्टोरीज

### डॉ. एमपी के होम्योपैथिक कॉलेज में लगा योग शिविर




**बेधड़क** | जयपुर

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर होम्योपैथी विश्वविद्यालय के संगठक कॉलेज डॉ. एमपी के होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में फैकल्टी मेंबर्स, स्टॉफ और छात्र-छात्राओं ने योग किया। योग टीचर अमृता घोष ने योग की महत्ता पर प्रकाश डाला। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मोहन शर्मा ने बताया कि कॉलेज के एक दल ने डॉ. कमलेंद्र त्यागी के नेतृत्व में राज्य स्तरीय आयोजित कार्यक्रम में सवाई मानसिंह स्टेडियम में भी भाग लिया।

### रावत ग्रुप एजुकेशनल एक्सीलेंस अवॉर्ड से सम्मानित



**बेधड़क** | जयपुर

रावत एजुकेशनल ग्रुप पिछले 41 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में अपनी एक विशेष पहचान बनाए हुए है। शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए अभूतपूर्व योगदान के लिए ग्रुप को अनेक अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर के अवार्ड मिल चुके हैं। रावत ग्रुप के आरबीएसई और सीबीएसई के स्कूल्स के स्टूडेंट्स ने ऑल इंडिया लेवल पर टॉप रैंक प्राप्त करके हमेशा ग्रुप को गौरवान्वित किया है। रावत एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन बीएस रावत और निदेशक नरेंद्र सिंह रावत को शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए उत्कृष्ट योगदान के लिए उप मुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा और शिक्षा मंत्री मदन दिलावर द्वारा होटल ललित में एजुकेशन एक्सीलेंस अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया। समारोह में अनेक गणमान्य नागरिकों को उपस्थिति में यह अवार्ड दिया गया। कार्यक्रम में विभिन्न शिक्षाविदों एवम विद्यार्थियो ने भी भाग लिया। इस अवॉर्ड सेरेमनी में हुए पैनल डिस्कशन में रावत एजुकेशनल ग्रुप के निदेशक एवम अक्षेंद्र वेलफेयर सोसायटी के सचिव नरेंद्र सिंह रावत ने हिस्सा लिया और शिक्षा जगत में आ रही समस्याओं और तकनीकी शिक्षा के महत्व को बताया। अपने संदेश में उन्होंने कर्म करके निरंतर आगे बढ़ने को कहा। रावत इससे पूर्व भी मॉरीशस के राष्ट्रपति पृथ्वीराजसिंह रूपन से सम्मानित हो चुके हैं।

## शिक्षा मंत्री मदन दिलावर उदयपुर दौरे पर बोले

# पीएमश्री विद्यालय बनें संस्कार और शैक्षिक उत्थान के केंद्र

### प्रदेश की 450 स्कूलों का पीएम श्री योजना में चयन

**बेधड़क** | जयपुर

शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा है कि हमारे विद्यार्थियों को अच्छे वातावरण में श्रेष्ठ शिक्षा प्रदान की जाए। इस उद्देश्य से देशभर में ऐसे हजारों पीएमश्री विद्यालय खोले है, जिसमें लगभग 450 विद्यालय राजस्थान की धरती पर है। इसमें 40 विद्यालय उदयपुर में खोले जाने है, जिसकी स्वीकृति हो गई है, 20 का कार्य शुरू हो चुका है। उन्होंने कहा कि ये विद्यालय हमारे बच्चों में संस्कार और सर्वश्रेष्ठ शिक्षा का संवहन करते हुए शैक्षिक उत्थान के केन्द्र बनेंगे।

शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री दिलावर शनिवार को उदयपुर जिले के काया गांव में पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में नवीन कक्षा-कक्षों व सड़क के शिलान्यास व पौधरोपण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

इस मौके पर उन्होंने बताया कि पीएमश्री विद्यालयों पर लगभग साढ़े चार करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके लिए डीएमएफटी और राउण्ड टेबल इंडिया से भी फण्ड प्राप्त हुआ है और इस कारण से यह पीएमश्री विद्यालय विशेष पीएमश्री विद्यालय हो गया है। केबिनेट मंत्री दिलावर ने कहा कि बेहतर शैक्षिक वातावरण में बच्चे अध्ययन कर सफलता के उच्च शिखर पर पहुंचे और पूरे देश में काया विद्यालय व उदयपुर का नाम रोशन करें। उन्होंने बच्चों के अभिभावकों एवं विद्यालय के शिक्षकों से भी आह्वान किया कि बच्चों के लिए ऐसा वातावरण तैयार करें जिससे उनमें संस्कार बने रहे।






### शिलान्यास और पौधरोपण किया

कार्यक्रम के आरंभ में शिक्षा मंत्री दिलावर ने रविन्द्र हेरायस प्राइवेट लिमिटेड (चौकसी ग्रुप मादड़ी) द्वारा सीएसआर मद से 22.44 लाख की लागत से बनाएं जाने वाले दो नवीन कक्षा-कक्षों, 7.50 लाख की लागत वाले सीसी रोड़ का शिलान्यास किया वहीं इस मौके पर विद्यालय परिसर में पोधा रोपण भी किया। इस दौरान रविन्द्र हेरायस प्राइवेट लिमिटेड के सीएसआर मैनेजर डॉ. प्रवीण यादव ने अतिथियों को सीएसआर मद से किए जा रहे कार्यो के बारे में तथ्यात्मक जानकारी मुहैया करवाई।

### मंत्री, सांसद व विधायक का भव्य स्वागत

आरंभ में शिक्षा मंत्री श्री दिलावर, लोकसभा सांसद डॉ. मन्नालाल रावत, उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा और अन्य अतिथियों के यहां पहुंचने पर ग्रामीणों और शिक्षाधिकारियों द्वारा ढोल-ढमाकों व पारंपरिक वाद्ययंत्रों की स्वर लहरियों के साथ भव्य अगवा की गई। इस मौके पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने शिक्षा मंत्री श्री दिलावर, सांसद डॉ. रावत व विधायक मीणा को पौधा और स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया। समारोह में शिक्षा विभाग के अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए किया सुविधाओं का विस्तार

उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए विद्यालय का भवन, खेल का मैदान आदि सुविधाओं का विस्तार किया गया है और अच्छे वातावरण का निर्माण किया गया है। ऐसे में यहां के शिक्षकों और अभिभावकों की भी जिम्मेदारी है कि बच्चों के लिए सकारात्मक वातावरण तैयार कर उन्हें अध्ययन के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने अभिभावकों के यह भी आह्वान किया कि बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए उसकी संगति पर भी विशेष नजर रखने की आवश्यकता है। यदि घर, परिवार व विद्यालय में वातावरण अनुकूल मिलेगा और संगति अच्छी होगी तो बालक अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सभी का मान बढाएगा।

### स्वस्थ रहने के लिए पौधारोपण जरूरी

शिक्षा मंत्री दिलावर ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए अधिकाधिक पौधे लगाने की महत्ती आवश्यकता है। उन्होंने धरती के बढ़ते तापमान को चिंता का विषय बताया और कहा कि यदि हमें धरती के तापमान का संतुलन बनाएं रखना है तो अधिक से अधिक पौधें लगाने होंगे ताकि हमें शुद्ध आक्सीजन मिले, पर्यावरण शुद्ध रहे, हम स्वस्थ रहे। उन्होंने सभी से अधिकाधिक पौधरोपण का भी आह्वान किया।

## निर्वाण विश्वविद्यालय में 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया



**बेधड़क** | जयपुर

निर्वाण विश्वविद्यालय जयपुर में स्कूल ऑफ योगा की ओर से एनएसएस सेल के सहयोग से 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। इस अवसर पर चेयरमेन डॉ. एस. एल. सिहाग ने कहा कि इस दिन को पूरी दुनिया भारत को 'विश्व-गुरु' मानते हुए, 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' मनाती है। योग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत आवश्यक है। इसके साथ ही वाइस चेयरमेन डॉ. आरके अरोड़ा ने बताया कि इस वर्ष के योग दिवस की थीम "योग स्वयं के लिए और समाज के लिए" है। इसीलिए निर्वाण विश्वविद्यालय में भी भारत सरकार और राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार योग दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सभी विभागों के विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान योग, कल्याण और सामान्य योग प्रोटोकॉल (CYP) से संबंधित जीवंत सांस्कृतिक प्रदर्शन प्रदर्शित किए गए। योग के विभिन्न आसनों और प्रथाओं को प्रस्तुत करते हुए प्रतिभागियों ने शारीरिक और मानसिक कल्याण के महत्व को उजागर किया। इस आयोजन से विश्वविद्यालय में समुदाय के कल्याण, एकता, सामाजिक एकीकरण, समग्र स्वास्थ्य और सांस्कृतिक उत्सव की झलक दिखाई दी। योग दिवस के कार्यक्रम का संचालन डॉ. कृष्णा अग्रवाल, डीन स्कूल ऑफ योग तथा पवन सोनी असिस्टेंट प्रोफेसर द्वारा किया गया। यह उत्सव न केवल योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सफल रहा, बल्कि इसमें सामूहिक रूप से स्वस्थ जीवन शैली अपनाने की प्रेरणा भी दी गई।

## एनआईओएस अप्रैल सत्र का 12वीं का परिणाम जारी

**नई दिल्ली।** नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओपन स्कूलिंग (एनआईओएस) ने शनिवार को कक्षा 12 अप्रैल सत्र के लिए एनआईओएस परिणाम 2024 घोषित कर दिया है। परीक्षा में उपस्थित होने वाले छात्र बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर 12वीं कक्षा 2024 का परिणाम लिंक पर देख सकते हैं। 12वीं रिजल्ट डाउनलोड करने के लिए उम्मीदवारों को आधिकारिक वेबसाइट पर अपने लॉगिन क्रेडेंशियल के रूप में नामांकन संख्या और कैप्चा कोड दर्ज करना होगा। बता दें कि जारी ऑनलाइन रिजल्ट प्रोविजनल है, मूल मार्कशीट बाद में उपलब्ध कराई जाएगी। जो छात्र अप्रैल 2024 सत्र के लिए एनआईओएस परिणाम में उत्तीर्ण नहीं होते हैं, वे अक्टूबर 2024 में एनआईओएस 12वीं परीक्षा के लिए उपस्थित हो सकते हैं। सफल उम्मीदवारों को मान्यता प्राप्त संस्थानों या अध्ययन केंद्रों से सीधे मार्कशीट मिलेगी।

## कैंसर का निशुल्क जांच शिविर 2 जुलाई से

जयपुर। जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के अस्पताल परिसर में 2 एवं 3 जुलाई को सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक 'कैंसर जांच आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। शिविर में आमजन की कैंसर स्क्रीनिंग के लिए विभिन्न प्रकार की निशुल्क जांच करने के साथ कैंसर रोग के लक्षण, बचाव एवं रोग से संबंधित जानकारी कैंसर विभाग के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा आमजन को दी जाएगी। कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा ने बताया की आज की बदलती जीवन शैली और समय पर जांच और जागरूकता के अभाव में कैंसर के रोगी बढ़ते जा रहे हैं। आमजन में कैंसर की स्क्रीनिंग के लिए संस्थान के अस्पताल परिसर में 2 और 3 जुलाई को निशुल्क जांच एवं जागरूकता शिविर भगवान महावीर कैंसर हॉस्पिटल और कैंसर केयर के सहयोग से किया जाएगा। राष्ट्रीय आयुर्वेद कैंसर परामर्श इकाई के प्रभारी प्रोफेसर शरद पोर्ट ने बताया कि दो दिवसीय शिविर में कैंसर की स्क्रीनिंग के लिए स्तन जांच के लिए मेमोग्राफी, गर्भाशय जांच के लिए पेप स्मीयर टेस्ट, प्रोस्टेट की जांच के लिए पीएसए जांच आदि निशुल्क की जाएगी।

**नवाचार** | 25 जून को दीक्षांत समारोह में किया जाएगा लोकार्पण

# कृषि विवि ने की 4 नई फसलों की किस्में तैयार

**बेधड़क** | कोटा

कृषि विश्वविद्यालय कोटा की ओर से फसलों की 4 नई किस्मों की खोज की गई है। साथ ही विश्वविद्यालय की ओर से अब तक 31 फसलों की किस्म विकसित की जा चुकी है। इसे विश्वविद्यालय की बड़ी उपलब्धि माना जा सकता है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ. अभय कुमार व्यास ने शनिवार को पत्रकारों को इस बारे में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सातवां दीक्षांत समारोह 25 जून को कैंपस में ही होगा।

उस समारोह में नई खोजी गई फसलों की चार किस्मों का लोकार्पण भी होगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यपाल कलराज मिश्र करेंगे। समारोह में प्रदेश के कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा के अलावा आईसीएमआर के पूर्व महानिदेशक डॉ. पंजाब सिंह शिरकत करेंगे। कुलपति डॉ. व्यास ने बताया कि समारोह के दौरान नए विकसित किए गए बीजों का लोकार्पण भी होगा। इसमें कोटा देसी चना-2, कोटा देसी चना-3, कोटा काबुली चना-4 और उड़द-6 शामिल हैं।




### इनको मिलेगा कुलाधिपति और कुलपति पदक

समारोह के दौरान साल 2022-23 का चांसलर गोल्ड मेडल अश्विनी मेहता को दिया जाएगा। वे स्नातकोत्तर कृषि में अनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन के छात्र हैं। इसी तरह से वीसी गोल्ड मेडल वर्ष 2022-23 की स्नातक ऑनर्स उद्यानिकी की स्टूडेंट श्वेता चुग को दिया जाएगा।

### विद्यार्थियों को बांटी डिग्रियां

विश्वविद्यालय के जन संपर्क अधिकारी डॉ. मुकेश चंद गोयल ने बताया कि इस दीक्षांत समारोह में 310 विद्यार्थियों को उपाधियां वितरित की जाएगी। इसमें बैचलर्स की 271, मास्टर की 34 और पीएचडी के 5 छात्र शामिल है। इनमें से ही 10 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल भी दिए जाएंगे। इनमें 3 गोल्ड मेडल बैचलर्स व 5 मास्टर्स डिग्री करने वालों को दिए जाएंगे। इसके अलावा दो कुलाधिपति और कुलपति पदक भी शामिल है।




पंकज ओझा
राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी


### शाश्वत सनातन

*कैलाश पर्वत से रोजाना हजारों पक्षी आते हैं, जो करीब तीन घंटे यहां पर रुकते हैं। इस दौरान दूर-दूर से लोग उनके दर्शन के लिए आते हैं। इस पर्वत के बारे में ऐसी मान्यता है कि यहां गरुड़ का एक जोड़ा सुदूर आकाश से उतर आता है और फिर मंदिर के पुजारी द्वारा दिए गए खाद्यान्न को ग्रहण करके वापस आकाश में लौट जाता है। इस विशेषता के चलते इस स्थान को 'पक्षी तीर्थ' कहा जाता है। यह स्थान चेन्नई से लगभग 60 किलोमीटर दूर वेदगिरि पर्वत के ऊपर स्थित है। दक्षिण रेलवे के मद्रास एगमोर-रामेश्वरम रेलमार्ग पर मद्रास से करीब 56 किमी दूरी पर चेंगलपट्ट स्टेशन है, यहां से यह स्थान 14 किमी दूरी पर है। यहां पर रोजाना इन पक्षियों के दर्शन करने देश-दुनिया से लोग आते हैं।*


## चेन्नई से 60 किलोमीटर दूर वेदगिरि पर्वत के ऊपर है पक्षी तीर्थ

# कैलाश पर्वत से आते हैं यहां पक्षी दिन में तीन घंटे ही होते हैं दर्शन




### ब्रह्मा के 8 मानसपुत्र शिव के शाप से बन गए थे गरुड़

पक्षी तीर्थ के पुजारी के मुताबिक सतयुग में ब्रह्मा के 8 मानसपुत्र भगवान शिव के शाप से गरुड़ बन गए थे। उनमें से 2 सतयुग के अंत में, 2 त्रेता के अंत में, 2 द्वापर के अंत में शाप से मुक्त हो चुके हैं। कहा जाता है कि अब जो 2 बचे हैं, वे कलयुग के अंत में मुक्त होंगे। पक्षी तीर्थ में ही रुद्रकोटि शिव मंदिर स्थित है। मंदिर में ही शंकरतीर्थ नाम का सरोवर है। पक्षीतीर्थ के नजदीक ही एक पहाड़ी वेदगिरि पर एक शिव मंदिर है। लगभग 500 सीढ़ियां चढ़कर इस मंदिर तक पहुंचा जा सकता है पौराणिक कथाओं के अनुसार सदियों पहले चार गिद्धों के जोड़े थे। ये चार जोड़े आठ मुनियों के प्रतीक थे जिनको भगवान शिव ने शाप दिया था। हर एक युग में एक जोड़ा गायब होता चला गया।



### भारद्वाज मुनि को शिव ने वेद सीखने का दिया था वरदान

इस स्थल को उर्तरकोडि, नंदीपुरी, इंद्रपुरी, नारायणपुरी, ब्रह्मपुरी, दिनकरपुरी और मुनिज्ञानपुरी नाम से भी जाना जाता था। किंवदंती के अनुसार भारद्वाज मुनि ने भगवान शिव से दीर्घायु का वरदान मांगा ताकि वे चारों वेदों का अध्ययन कर सकें। भगवान शिव उनके समक्ष प्रकट हुए और उनको वेद सीखने का वरदान दिया। शिव ने इसके लिए तीन पर्वतों का निर्माण किया जो ऋग, यजुर व साम वेद के प्रतीक है, जबकि अथर्ववेद रूपी पर्वत से वे स्वयं प्रकट हुए। शिव ने हाथ में मिट्टी लेते हुए समझाया कि प्रिय भारद्वाज वेदों का अध्ययन मेरे हाथ की मिट्टी और खड़े पर्वतों की तरह है। अगर वेद सीखने के लिए तुम दीर्घायु होना चाहते हो, लेकिन यह समझ लो कि सीखने का क्रम कभी समाप्त नहीं होता और इससे मोक्ष की प्राप्ति भी नहीं होती।





### वेदों का स्वरूप है यह पर्वत

भगवान ने उपदेश दिया कि कलयुग में भक्ति से ही मोक्ष संभव है। यह मान्यता है कि वेदगिरिश्वरर का जो मंदिर जिस पर्वत पर है वह वेदों का स्वरूप है। इस वजह से शिव की आराधना वेदगिरिश्वरर के रूप में होती है जिसका आशय वेद पर्वतों के अधिपति हैं। इस पर्वत को पवित्र माना गया है और इसकी भी परिक्रमा की जाती है।



### कविता

## गर्मियों की छुट्टियां






डॉ.कांता मीना
शिक्षाविद एवं साहित्यकार


गर्मियों की जब छुट्टियां आई,
नाती-पोते को देखकर
दादा -दादी के चेहरे पर
एक सुकून भरी मुस्कान जो आई।
नन्हे-नन्हे बच्चों को देखकर
आंगन में जैसे खुशियां सी छाई।
गर्मी से बचने के खातिर
बुआ बच्चों के लिए
नींबू पानी बना लाई।
पीकर बच्चों ने जो
धमा चौकड़ी मचाई
दरवाजे के बाहर से
बर्फ के गोले वाले
भैया की आवाज जो आई।
दादी-अम्मा ने बच्चों को
आवाज लगाई।
लो बच्चों अपनी-अपनी पसंद का
बर्फ का गोला खा लो।
अपनी लूगड़ी के पल्ले की
गांठ से कुछ रुपए निकाल कर
दादी फिर से मुस्कुराई।
और बोली काला खट्टा मेरे लिए
बुआ के लिए गुलकंद
वाला शरबत और
दादाजी के लिए सतरंगी
बर्फ का गोला लेकर आना।
फिर बच्चों ने जोर-जोर से
बर्फ के गोले वाले भैया को
अपनी अपनी पसंद बताई।
खाकर बर्फ के गोले को
बच्चों ने फिर अपनी-अपनी
जीभ दिखाई,
गर्मियों की जब छुट्टियां आई।

### शब्दों की सीख

# चिड़िया की लंबी उड़ान




महेश कुमार केशरी
बोकारो, झारखंड




*'अरे क्या करेगी बैट लेकर, पल्लवी। कल को इसे दूसरे के घर ही तो ब्याह करके जाना है। कल को वो अपने घर चली जाएगी, तब बैट-बॉल का क्या करना है। चूल्हा-चौका ही तो जाकर करना है। क्या अपने ससुराल वालों को बैट बॉल पकाकर खिलाएगी? वैसे भी औरत को चूल्हा- चौका करना ही शोभा देता है। ये समाज बाहर निकलकर काम करने वाली औरतों को आवारा कहकर ही पुकारता है। लड़की जात को घर में ही रहना चाहिए। कल को कुछ ऊँच-नीच हो गई तो?'*

'मम्मी, मम्मी देखो ना यहां खेल के सामान की दुकान है। मुझे एक क्रिकेट का बैट खरीद दो ना। पल्लवी ने अपनी मम्मी अंतरा से रिक्वेस्ट की। 'तुम बैट का क्या करोगी पल्लवी? भैया का प्लास्टिक वाला बैट है ना। तुम तो उससे ही खेलना। तुम्हें कौन सा क्रिकेटर बनना है, जो बैट लोगी। क्रिकेटर तो लड़के बनते हैं। धोनी, विराट ये सब लड़कों के नाम हैं और इन पुरुष चेहरों को ही सब कोई जानते हैं। ये सब लड़कों के खेल हैं बेटी। लड़कियां क्रिकेट नहीं खेलतीं। तुमने सुना है किसी महिला क्रिकेटर का नाम। वैसे भी इस खेल को खेलने के लिए बहुत ताकत चाहिए होती है। तुम तो पहले से ही कमजोर हो, बेटी। अंतरा ने पल्लवी को समझाया।

'मम्मी, भैया अपना प्लास्टिक वाला बैट मुझे नहीं देता है और वेसे भी वो बैट लुचपुच भी है। बॉल खेलते समय बैट मुड़ जाता है। मुझे लकड़ी की बैट चाहिए। एक दम बढ़िया वाली, जिससे मैं लंबे-लंबे छक्के लगा सकूं। मैं अपने देश के लिए खेलना चाहती हूं, मम्मी। रणजी मैचेज। फिर नेशनल - इंटरनेशनल मैचेज भी। मैं भी अपने देश के लिए ट्रॉफी जीतूंगी मम्मी, भैया की तरह। बिल्कुल उसी तरह जैसे भैया स्कूल में ट्रॉफी जीतता है। मम्मी ले, दो ना एक बैट। पल्लवी एक बैट ही तो खरीदने को कह रही है। कौन सा खजाना मांग रही है। पंद्रह साल का नकुल भी बहन को फेवर करने लगा।

'अरे क्या करेगी बैट लेकर, पल्लवी। कल को इसे दूसरे के घर ही तो ब्याह करके जाना है। कल को वो अपने घर चली जाएगी, तब बैट-बॉल का क्या करना है। चूल्हा-चौका ही तो जाकर करना है। क्या अपने ससुराल वालों को बैट बॉल पकाकर खिलाएगी? वैसे भी औरत को चूल्हा- चौका करना ही शोभा देता है। ये समाज बाहर निकलकर काम करने वाली औरतों को आवारा कहकर ही पुकारता है। लड़की जात को घर में ही रहना चाहिए। कल को कुछ ऊँच-नीच हो गई तो?'

मम्मी जब पल्लवी की शादी होगी, तब होगी। अभी तो एटलीस्ट उसे खेलने दो। कंजर्वेटिव होना कहीं से भी ठीक नहीं है मम्मी। हरमन प्रीत कौर 'भुल्लर', स्मृति श्रीनिवास वंदना, सिमरन बहादुर, दीप्ती शर्मा, पूजा वास्ट्रेकर, वास्तिका भाटिया ये सब हमारी महिला क्रिकेट टीम की सदस्य हैं, जिनको एक बड़ा फेम हासिल है आज की तारीख में।

अगर, मिताली राज के पापा ने उसे बैट खरीदकर नहीं दिया होता तो क्या आज वो इतनी बड़ी क्रिकेटर बन पाती? नहीं ना। और झूलन गोस्वामी की तरह उनके मां- बाप ने या उसके कोच ने उसको सपोर्ट ना किया होता तो आज भारतीय क्रिकेट की महिला टीम कभी बन ही ना पाती। बन भी जाती तो अधूरी टीम ही रहती। खैर, आप तो खुद एक महिला हैं। आपको तो कम-से-कम पल्लवी को मोरल सपोर्ट एक महिला होने के नाते मिलना ही चाहिए।

तो क्या महिलाएं भी अब क्रिकेट खेल रही हैं। अंतरा ने आयचर्य से पूछा।

हां, तो और क्या?

क्या नाम बताया तुमने उनका?

हरमन प्रीत कौर 'भुल्लर', झूलन गोस्वामी, मिताली राज। इनमें से मिताली राज तो कप्तान भी रही हैं। हरमन प्रीत कौर भी कप्तान हैं। भाई का सपोर्ट पाकर उत्साहित पल्लवी बोली-जैसे मिताली राज या हरमीत कौर भुल्लर वही हो।

अंतरा कुछ सोचते हुए बोली- तब तो आज ही एक नया बैट खरीदना होगा, ताकि हमारी पल्लवी भी इन सबकी तरह क्रिकेट खेल सके और अपने देश के लिए मेडल जीत सके। अब तो खुश हो ना बेटा। बहुत ज्यादा मम्मा। पल्लवी, अंतरा से लिपटकर बोली।

इसके बाद अंतरा, पल्लवी और नकुल तीनों दुकान में पहुंचे।

भैया, एक बैट दिखाना। तीनों एक साथ दुकानदार से बोले।

ये देखो बहन जी। चार सौ का है, एकदम बढ़िया वाला बैट है।

ये तो बहुत छोटा है। बड़ा दिखाओ।

महंगी होगी बड़ी वाली तो। पल्लवी ने झिझकते हुए कहा।

ये लीजिए बहन जी, ये तेरह सौ का है। टेनिस बॉल से खेलने के लिए एकदम परफेक्ट है।

नहीं, डियूज बॉल की दिखाओ।

वो तो महंगी आएगी। चार-पांच हजार की एक आएगी। आप कहो तो दिखा दूं?

कोई बात नहीं दिखाओ। बिटिया को रणजी और इंटरनेशनल मैच खेलने हैं। चिड़या की उड़ान जब लंबी हो तो उसके पंखों को मजबूत करना होता है और पंजों में मजबूती नियमित अभ्यास से ही आती है। अंतरा ने कहा।

ये देखो दीदी, सबसे मजबूत कैन हेंडल वाली बैट छः हजार की आएगी। सबसे बढ़िया वाली है। इसमें देखो मिताली राज के ऑटोग्राफ भी हैं। ये दे दूं।

पल्लवी चहक उठी-हां! यही वाली बैट लेनी है मुझे। यही वाली बैट लेनी है। बेटी की खुशी देखकर खुश होते हुए अंतरा ने भी हां कर दी। दुकानदार से बोली-पैक कर दो इसे भैया। ये नन्हीं चिड़िया जब तक मेरे पास है, इसे उड़ने दो।

**महाराष्ट्र में बढ़ेगी तकरार:** विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटे शरद पवार ने सहयोगी दलों को दिया साफ संदेश

# लोकसभा चुनाव जैसी नहीं रहेगी बात, कम सीटों पर नहीं होगा समझौता

एजेंसी | पुणे



लोकसभा चुनाव में शानदार सफलता के बाद राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) शरद पवार अब विधानसभा की तैयारी में जुट गए हैं।

पवार ने विपक्षी गठबंधन महा विकास अघाड़ी(एमवीए) में शामिल दोनों ही दलों को साफ शब्दों में कहा है कि लोकसभा चुनाव में तो हम कम सीटों पर चुनाव लड़ लिए, लेकिन विधानसभा में हमारी पार्टी समझौता नहीं करेगी। पवार ने शुक्रवार को पुणे शहर और जिले के पार्टी पदाधिकारियों के साथ एक बैठक की और इसके बाद विधायकों और नवनिर्वाचित सांसदों के साथ भी एक बैठक की थी। इसी दौरान उन्होंने अपना यह रुख साफ किया। पवार की पार्टी के नेताओं ने यह जानकारी दी है। राकांपा (एसपी) पुणे इकाई के प्रमुख प्रशांत जगताप ने बताया कि बैठक में पवार ने सदस्यों से कहा कि पार्टी ने लोकसभा चुनाव में कम सीटों पर चुनाव सिर्फ इसलिए लड़ा ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि शिवसेना और कांग्रेस के साथ गठबंधन बरकरार रहे। जगताप ने कहा कि उन्होंने संकेत दिए हैं कि विधानसभा चुनाव में स्थिति अलग होगी।

उन्होंने बताया कि एनसीपी (शरद पवार) प्रमुख ने पुणे, बारामती, मावल और शिरूर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में आने वाले विधानसभा क्षेत्रों में स्थिति की भी समीक्षा की है।

### विधानसभा चुनावों के लिए तैयार रहने को कहा

दूसरी बैठक में शामिल हुए पार्टी के एक अन्य नेता ने बताया कि पवार ने सांसदों और विधायकों से विधानसभा चुनावों के लिए तैयार रहने को कहा। इस बीच, पार्टी की राज्य इकाई के प्रमुख जयंत पाटिल ने संवाददाताओं से कहा कि पार्टी ने अभी तक यह तय नहीं किया है कि वह सीट बंटवारे के दौरान कितनी सीटें मांगेगी।

### विधानसभा से पहले एमएलसी चुनाव पर नजर

दूसरी ओर राज्य के सत्तारूढ़ और विपक्षी गठबंधन की नजर महाराष्ट्र विधान परिषद में विधायक कोटे से 11 सीट के लिए होने वाले द्विवार्षिक चुनाव पर लगी है। समझा जाता है कि इन सीटों के लिए चुनाव इस साल के अंत में होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव से पहले सत्तारूढ़ महायुति और विपक्षी महा विकास आघाडी (एमवीए) के लिए एक महत्वपूर्ण परीक्षा होगी। प्रदेश के 288 सदस्यीय सदन में 14 सीट रिक्त होने के चलते, निर्वाचकों की संख्या 274 है, तथा विजयी उम्मीदवार के लिए कोटा 23 है। संख्या बल को देखते हुए एमवीए को 11 में से दो और सत्तारूढ़ गठबंधन को नौ सीट मिल सकती हैं।

### अभी सीट बंटवारे पर बात नहीं: राउत

उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने शनिवार को कहा कि इस साल के अंत में होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए महाविकास आघाडी (एमवीए) के सहयोगी दलों के बीच सीट बंटवारे पर अभी बातचीत शुरू नहीं हुई है । इसलिए यह सवाल ही नहीं उठता कि कौन कितनी सीट पर चुनाव लड़ेगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विपक्षी गठबंधन में सभी समान हितधारक हैं। उन्होंने कहा, महाराष्ट्र में विधानसभा की 288 सीट हैं। किसी के लिए भी सीट की कमी नहीं होगी। सभी आराम से चुनाव लड़ सकते हैं।राउत ने संवाददाताओं से कहा कि एमवीए ने एकजुट होकर लोकसभा चुनाव लड़ा और दुनिया को यह दिखा दिया कि कैसे महाराष्ट्र ने भाजपा को पूर्ण बहुमत हासिल करने से रोक दिया। महाराष्ट्र के विपक्षी गठबंधन महाविकास आघाडी में शिवसेना (यूबीटी), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) और कांग्रेस घटक दल हैं।

---

## जरूरी खबर

### BSP के स्टार प्रचारकों में आकाश आनंद की वापसी



**देहरादून।** बहुजन समाज पार्टी ने उत्तराखंड विधानसभा उप-चुनाव के लिए 13 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। मंगलौर सीट पर चुनाव प्रचार के लिए पार्टी प्रमुख मायावती सहित आकाश आनंद और अन्य लोग पार्टी के लिए प्रचार करेंगे। सूची में बड़ा नाम मायावती के भतीजे आकाश आनंद का है। जिन्हें लोकसभा चुनाव से ठीक पहले मायावती ने पार्टी की जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया था, लेकिन एक बार फिर उनके नाम से यह साफ हो गया है कि पार्टी में उनकी वापसी अब तय हो गई है।

### मणिपुर हिंसा की आंच असम में नहीं पहुंचे: सरमा



**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने शनिवार को कछार प्रशासन से यह सुनिश्चित करने को कहा कि जिले में शांति बनी रहे और पड़ोसी राज्य मणिपुर से हिंसा न फैले। जून के पहले सप्ताह में मणिपुर के जिरिबाम में जातीय हिंसा की घटनाएं हुईं, जिसके बाद राज्य के कई लोगों ने दक्षिण असम के पास के कछार जिले में शरण ली है। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मुख्यमंत्री सरमा ने मणिपुर के जिरिबाम में हाल की घटनाओं को देखते हुए कछार के जिला आयुक्त और पुलिस अधीक्षक के साथ एक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की और उन्हें जिले में शांति और सौहार्द बनाए रखने के निर्देश दिए।

---

**संसद सत्र शुरू होने से पहले ही** पक्ष-विपक्ष में खींचतान शुरू

# प्रोटेम स्पीकर की मदद नहीं करेंगे विपक्षी सदस्य!

एजेंसी | नई दिल्ली

मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में 18 वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू होने से पहले ही सत्ता पक्ष और विपक्ष में खींचतान शुरू हो गई है। लोकसभा के 'प्रोटेम स्पीकर' (अस्थायी अध्यक्ष) की नियुक्ति को लेकर विवाद के बाद अब उनकी मदद के लिए पीठासीन अधिकारियों की सूची में नामित विपक्षी नेता इस जिम्मेदारी को अस्वीकार करने पर विचार कर रहे हैं। एक सूत्र ने शनिवार को यह जानकारी दी।

कांग्रेस ने पार्टी के आठ बार के लोकसभा सांसद कोडिकुन्निल सुरेश को प्रोटेम स्पीकर नहीं बनाए जाने को लेकर आपत्ति जताई थी। पार्टी ने सुरेश की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। ज्ञात रहे कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ओडिशा की कटक लोकसभा सीट से भाजपा के सांसद भर्तृहरि महताब को संविधान के अनुच्छेद 95(1) के तहत प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया था ताकि वे 26 जून को अध्यक्ष के चुनाव तक अध्यक्ष के कर्तव्यों का निर्वहन कर सकें। राष्ट्रपति ने महताब की सहायता के लिए वरिष्ठ सांसदों के एक पैनल को भी नामित किया था जिसमें तीन विपक्षी दलों के सांसद-कांग्रेस नेता के. सुरेश, तृणमूल कांग्रेस नेता सुदीप बंद्योपाध्याय और डीएमके सांसद टी आर बालू का नाम है। वहीं, भाजपा नेता राधा मोहन सिंह और फग्गन सिंह कुलस्ते का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है।

### विपक्ष कर रहा है सरकार को घेरने की तैयारी

विपक्ष पहले से ही कई मुद्दों पर सरकार को घेरने की तैयारी कर रहा है, जिसमें नीट-नेट मामला, बंगाल में ट्रेन दुर्घटना, नए आपराधिक कानूनों का क्रियान्वयन , एग्जिट पोल के बाद शेयर की कीमतों में अचानक उछाल और चुनाव परिणाम के दिन उनमें आई गिरावट शामिल है।



### सरकार ने विपक्षी नेताओं की दलील को किया खारिज

कांग्रेस ने यहां तक आरोप लगाया है कि दलित समुदाय से होने के कारण कोडिकुन्निल सुरेश को बीजेपी सरकार ने नजरअंदाज किया। विपक्षी खेमे के सूत्रों ने कहा कि सुरेश, बालू और बंद्योपाध्याय उन्हें दी गई भूमिका स्वीकार नहीं कर सकते। विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने महताब की नियुक्ति को उचित ठहराते हुए कहा था कि सबसे लंबे समय तक बिना किसी रुकावट के सेवा देने वाले सांसद को इस पद के लिए चुना जाता है। उन्होंने कहा कि महताब बिना किसी ब्रेक के सात बार लोकसभा के सदस्य हैं। इस समय अगर हम मंत्रियों को छोड़ दें तो वे सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले सदस्य हैं। उन्होंने के सुरेश के बारे में बात की। उनके कुल आठ कार्यकाल हैं, लेकिन 2004 और 1998 में ब्रेक थे। कोई उल्लंघन नहीं हुआ है, केवल वे ही महसूस करेंगे (कि उल्लंघन हुआ है) जिन्होंने सिस्टम या उसके नियमों को नहीं पढ़ा है।

### नए सांसदों संग शपथ नहीं ले पाएगा राशिद इंजीनियर

दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट में शनिवार को जम्मू-कश्मीर की बारामूला लोकसभा सीट से नवनिर्वाचित सांसद अब्दुल राशिद शेख उर्फ राशिद इंजीनियर की अंतरिम जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने इस मामले में जवाब दाखिल करने के लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी को वक्त देते हुए अगली सुनवाई के लिए 1 जुलाई की तारीख तय की है। जिसके बाद राशिद अब अन्य नवनिर्वाचित लोकसभा सांसदों के साथ शपथ नहीं ले पाएंगे। आतंकवाद की फंडिंग मामले में जेल में बंद इंजीनियर राशिद ने सांसद के रूप में शपथ ग्रहण करने के लिए अंतरिम जमानत या कस्टडी पैरोल की मांग करते हुए यह याचिका दायर की है। राशिद की याचिका पर ड्यूटी जज किरण गुप्ता की अदालत में सुनवाई हुई। जहां एनआईए की ओर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश हुए विशेष लोक अभियोजक ने जवाब दाखिल करने के लिए कुछ समय मांगा। उन्होंने कहा कि क्योंकि यह यूएपीए का मामला है, इसलिए हमें लाने-ले जाने के तौर तरीकों पर विचार करने के लिए समय चाहिए।

---

**आंध्र प्रदेश में चला बुलडोजर: YSR कांग्रेस-टीडीपी में जुबानी जंग**

# वाईएसआर कांग्रेस के निर्माणाधीन कार्यालय को किया ध्वस्त

एजेंसी | अमरावती

आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिले के ताडेपल्ली में युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) के निर्माणाधीन केंद्रीय कार्यालय को कथित अवैध निर्माण के चलते शनिवार तड़के नगर निगम अधिकारियों ने ध्वस्त कर दिया। मंगलगिरी-ताडेपल्ली नगर निगम (एमटीएमसी) के अधिकारियों ने शनिवार सुबह करीब 5:30 बजे यह कार्रवाई की। कार्यालय ध्वस्त करने के लिए कई बुलडोजरों को लगाया गया था।

कैपिटल रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी (सीआरडीए) ने कथित अवैध निर्माण के मामले में वाईएसआरसीपी को नोटिस जारी किया था। इसके बाद वाईएसआरसीपी ने शुक्रवार को हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। पार्टी के एक प्रवक्ता ने दावा किया कि अदालत ने किसी भी तरह की ध्वस्तीकरण गतिविधि पर रोक लगाने का आदेश दिया है और वाईएसआरसीपी के वकील ने सीआरडीए आयुक्त को इसकी जानकारी दे दी है। सीआरडीए और एमटीएमसी के अधिकारियों के मुताबिक वाईएसआरसीपी कार्यालय सिंचाई विभाग की जमीन पर बनाया जा रहा था। आरोप है कि जगनमोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली वाईएसआरसीपी की पिछली सरकार के दौरान जिस जमीन का इस्तेमाल बोटयार्ड बनाने के लिए किया जा रहा था, उसे मामूली रकम पर पट्टे पर लिया गया था।



### प्रतिशोध की राजनीति का आरोप

इससे पहले दिन में, वाईएसआरसीपी के अध्यक्ष वाई एस जगनमोहन रेड्डी ने दावा किया कि उच्च न्यायालय के आदेशों की अवहेलना करते हुए पार्टी के कार्यालय को ध्वस्त किया गया। रेड्डी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, चंद्रबाबू प्रतिशोध की राजनीति कर रहे हैं। एक तानाशाह की तरह उन्होंने वाईएसआर कांग्रेस के केंद्रीय कार्यालय को बुलडोजर से ध्वस्त करा दिया, जबकि वह लगभग बनकर तैयार हो चुका था।

---

**भाजपा: उत्तर प्रदेश के चुनाव नतीजों की समीक्षा**

# चौधरी ने नड्डा को बताए हार के कारण

एजेंसी | लखनऊ/नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने शनिवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से नई दिल्ली में मुलाकात की और हाल के लोकसभा चुनाव में राज्य में पार्टी की कई अहम सीटों पर हुई हार के कारणों के बारे में बताया। ज्ञात रहे कि पार्टी उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव परिणामों को लेकर समीक्षा रिपोर्ट तैयार कर रही है। इसके लिए तकरीबन 40 हजार लोगों से बातचीत की गई है। 25 जून तक यह समीक्षा रिपोर्ट तैयार होने की उम्मीद है। जिसके बाद राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक में रिपोर्ट रखी जाएगी। इन दिनों पार्टी चुनाव परिणामों की समीक्षा के लिए बैठकें कर रही है। चौधरी ने लोकसभा चुनाव में राज्य में भाजपा के निराशाजनक प्रदर्शन की नैतिक जिम्मेदारी ली है और हार की वजह भी बताई है। सूत्रों के हवाले से यह जानकारी सामने आई है। अब पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जो फैसला लेंगे उसी के मुताबिक भूपेंद्र चौधरी कार्य करेंगे। भाजपा मुख्यालय में नड्डा से भूपेंद्र चौधरी की करीब आधे घंटे तक मुलाकात हुई।

### विपक्ष ने लोगों को किया गुमराह

दूसरी ओर चौधरी ने शनिवार को हापुड़ में पार्टी की एक समीक्षा बैठक में कहा है कि लोकसभा चुनाव में केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार के काम पर लोगों के बीच जाकर वोट मांगे, लेकिन ऐसा लगता है कि वे अपनी बात को जनता के समक्ष ज्यादा अच्छे तरीके से नहीं रख पाए। विपक्ष के लोगों ने नकारात्मक एजेंडा और लोगों को गुमराह करने का काम किया। भूपेन्द्र चौधरी और प्रदेश महामंत्री(संगठन) धर्मपाल सिंह ने शनिवार को हापुड़ में पश्चिम उत्तर प्रदेश, ब्रज और कानपुर क्षेत्र की लोकसभा सीटों व विधानसभा सीटों के विस्तारकों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान चौधरी ने कहा कि अब बूथ स्तर से पार्टी को मजबूत करना है।

---

**दिल्ली में जल संकट पर तकरार हुई तेज**

# आतिशी का अनशन जारी, LG से मिलेंगे नेता

एजेंसी | नई दिल्ली



हरियाणा से राष्ट्रीय राजधानी के लिए यमुना का अधिक पानी छोड़ने की मांग को लेकर दिल्ली की जल मंत्री आतिशी का अनिश्चितकालीन अनशन शनिवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। आम आदमी पार्टी ने कहा है कि आतिशी के स्वास्थ्य में गिरावट दर्ज की गई है। उनके ब्लड प्रेशर, शुगर और वजन में कमी आई है। पार्टी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में यह बात कही है। वहीं आतिशी ने एक वीडियो संदेश जारी करते हुए कहा कि जब तक हरियाणा दिल्ली वासियों के लिए और पानी नहीं छोड़ता, तब तक वह कुछ नहीं खाएंगी। शहर में 28 लाख लोग पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं। आतिशी ने कहा कि शुक्रवार को हरियाणा ने 11 करोड़ गैलन प्रतिदिन (एमजीडी) कम पानी छोड़ा। एक एमजीडी पानी से 28,000 लोगों को जलापूर्ति होती है। 100 एमजीडी पानी की कमी का मतलब है कि दिल्ली में 28 लाख लोगों को पानी नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा, दिल्ली को पानी के लिए पड़ोसी राज्यों पर निर्भर रहना पड़ता है। पड़ोसी राज्यों से नदियों और नहरों के जरिए उसे 1,005 एमजीडी पानी मिलता है जिसमें से हरियाणा 613 एमजीडी पानी उपलब्ध कराता है।

### उपराज्यपाल ने साधा 'आप' पर निशाना

दूसरी ओर दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने जल संकट को लेकर आम आदमी पार्टी का नाम लिए बिना उस पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा, दिल्ली के नेताओं ने राजनीतिक लाभ हासिल करने के मकसद से इस संकट को अवसर में तब्दील कर दिया है ताकी पड़ोसी राज्यों पर इसका ठीकरा फोड़ा जा सके। उन्होंने कहा दिल्ली पीने के पानी की सप्लाई के लिए उत्तर प्रदेश और हरियाणा पर निर्भर है। अंतरराज्यीय जल-बंटवारे की व्यवस्था जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार की तरफ से बनाए गए संस्थागत तंत्र के माध्यम से तय की जाती है, जिसे देश की सर्वोच्च अदालत ने बार-बार बरकरार रखा है। इस व्यवस्था के चलते हुए समझौते के तहत राज्य पानी छोड़ने के लिए बाध्य हैं। इसी तरह शहरी सरकार भी यह सुनिश्चित करने के लिए बाध्य है कि शहर भर में समान मात्रा में पानी की सप्लाई हो और इस जल संसाधन का कुशलतापूर्वक इस्तेमाल किया जा सके।

---

**OBC नेता ने खत्म की भूख हड़ताल, सरकार ने दिया चर्चा का आश्वासन**

# आरक्षण के मुद्दे पर विधानसभा सत्र के दौरान होगी सर्वदलीय बैठक

एजेंसी | मुंबई

महाराष्ट्र में दस दिनों से अनशन पर बैठे ओबीसी कार्यकर्ता लक्ष्मण हाके ने प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के बाद शनिवार को अपना अनशन समाप्त कर दिया। लेकिन इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अगर हमारी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो अनशन फिर से शुरू किया जा सकता है।





वहीं, सरकार की ओर से लक्ष्मण हाके को लिखित में आश्वासन दिया गया है कि वह उनकी सभी मांगो को लेकर सकारात्मक चर्चा कर रही है। राज्य के खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री छगन भुजबल ने कहा है कि अगले विधानसभा सत्र में सर्वदलीय बैठक के दौरान ओबीसी आरक्षण के मुद्दे पर चर्चा की जाएगी। विधानसभा का सत्र 27 जून से शुरू हो रहा है। सूत्रों के अनुसार सरकार ने आश्वासन दिया है कि लंबित मांगो के निपटारे के लिए मानसून सत्र के पहले हफ्ते में सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई है। साथ में ये भी आश्वासन दिया गया कि आरक्षण के मामले में ओबीसी समाज के हितों के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं हो, इस बात का राज्य सरकार ख्याल रखेगी।

### राज्य सरकार सुनिश्चित करेगी कि समाज में जातिगत तनाव न फैले

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शनिवार को मराठा और ओबीसी आरक्षण को लेकर कहा कि राज्य सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि समाज में जातिगत तनाव न फैले। शिंदे ने ओबीसी कार्यकर्ता लक्ष्मण हके और अन्य लोगों का अनिश्चितकालीन अनशन तोड़ने के लिए धन्यवाद किया। ज्ञात रहे कि शिंदे ने ओबीसी नेताओं के साथ बैठक की थी। इस बैठक में उन्होंने कहा था कि 27 जून से शुरू होने वाले मानसून सत्र के पहले सप्ताह में सर्वदलीय बैठक बुलाई जाएगी। शिंदे ने मीडिया से कहा, शुक्रवार को इस मुद्दे पर अच्छी चर्चा हुई।

### भुजबल के आश्वासन के बाद माने OBC नेता

हालांकि इस मुलाकात के बाद भी बात नहीं बनी जिसके बाद शनिवार को छगन भुजबल ने भी ओबीसी नेता लक्ष्मण हाके से मुलाकात की। भुजबल ने ओबीसी नेता लक्ष्मण हाके को ओबीसी आरक्षण के मुद्दे पर चर्चा के लिए आश्वासन दिया। इसके बाद हाके ने भूख हड़ताल को समाप्त करने की घोषणा की। हालांकि अभी भी हाके का कहना है कि अगर इस मामले पर सरकार अहम कदम नहीं उठाती है तो वह दोबारा अनशन करेंगे।

### मंत्रियों के दल ने की थी मुलाकात

शुक्रवार को ही महाराष्ट्र सरकार के तीन मंत्रियों और विधान परिषद के एक सदस्य ने अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) कार्यकर्ता लक्ष्मण हाके और नवनाथ वाघमारे से शुक्रवार को मुलाकात की थी। इस दौरान उन्होंने ओबीसी नेताओं से अनशन समाप्त करने का आग्रह किया था। मंत्री अतुल सावे, उदय सामंत और गिरीश महाजन तथा विधान परिषद के सदस्य गोपीचंद पडलकर ने जालना जिले के वाडीगोद्री गांव में धरना स्थल पर कार्यकर्ताओं से मुलाकात की थी। इस दौरान शिवसेना के नवनिर्वाचित सांसद संदीपन भूमरे भी मौजूद थे।

### यह है ओबीसी नेताओं की मांग

ओबीसी कार्यकर्ता लक्ष्मण हाके और नवनाथ वाघमारे इस मांग को लेकर अनशन कर रहे थे कि किसी अन्य वर्ग को ओबीसी के तहत आरक्षण नहीं दिया जाएगा। वे सरकारसे इस बात पर आश्वाशन चाहते थे कि मराठा समुदाय को समायोजित करने के लिए ओबीसी आरक्षण से छेड़छाड़ नहीं की जाएगी। हाके और वाघमारे 13 जून से जालना जिले के वाडीगोद्री गांव में भूख हड़ताल पर बैठे थे। ओबीसी कार्यकर्ता महाराष्ट्र सरकार की उस मसौदा अधिसूचना को रद्द करने की मांग कर रहे हैं, जिसमें कुनबी को मराठा समुदाय के सदस्यों के ' ऋषि सोयारे ' के रूप में मान्यता दी गई है। वहीं, मराठा कार्यकर्ता मनोज जरांने मांग कर रहे हैं कि मराठों को ओबीसी श्रेणी के तहत आरक्षण मिले। वहीं, ओबीसी नेता सरकार इसका विरोध कर रहे हैं।

## जरूरी खबर

### नीट मामले में सरकार कर रही है लीपापोती: खरगे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को कहा कि नकल विरोधी कानून को अधिसूचित करके भाजपा नीत राजग सरकार का मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट में धांधली में लीपापोती का प्रयास है, लेकिन उसे समझ लेना चाहिए इस मामले की जिम्मेदारी से वह किसी स्तर पर बच नहीं सकती है। खरगे ने कहा कि सरकार के शिक्षा मंत्री इस मामले में गलत बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा, घोटाले मे भाजपा जितनी भी कोशिश कर ले-धांधली, भ्रष्टाचार और शिक्षा माफ़िया को बढ़ावा देने की अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकती। इस पर तीन तथ्य और तीन सवाल हैं जिनका जवाब मोदी सरकार को देना ही पड़ेगा।

### अभिनेता दर्शन चार जुलाई तक न्यायिक हिरासत में



**बेंगलुरु।** कन्नड़ फिल्म अभिनेता दर्शन थुगुदीपा को रेणुकास्वामी की हत्या मामले में एक स्थानीय अदालत ने शनिवार को चार जुलाई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अन्य आरोपियों- विनय, प्रदोष और धनराज को भी न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। दर्शन 11 जून से पुलिस हिरासत में थे। दर्शन और अन्य आरोपियों को बेंगलुरु में सेंट्रल जेल ले जाया गया है। दर्शन की दोस्त पवित्रा गौड़ा सहित 13 आरोपियों को दो दिन पहले 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। इस मामले में कुल 17 लोग आरोपी हैं।

### डीआरडीओ से चार तापस ड्रोन खरीदेगी नौसेना

**नई दिल्ली।** नौसेना समुद्री क्षेत्र पर निगरानी और चौकस करने के लिए रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन से चार तापस ड्रोन खरीदेगी। इस ड्रोन का निर्माण भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के एक समूह की तरफ से किया जाएगा। रक्षा अधिकारियों ने बताया पहला ड्रोन अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के 24 महीने के भीतर डिलीवरी के लिए तैयार हो जाएगा। फिलहाल इस्तेमाल में लाए जा रहे ड्रोन का इस्तेमाल ट्रायल के लिए किया जाएगा। साथ ही, उनकी क्षमताओं में सुधार के लिए भी मदद ली जाएगी।

## जीएसटी परिषद की बैठक में वित्त मंत्री सीतारमण



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को राजधानी दिल्ली में आयोजित वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान वित्त मंत्री राज्यों के मंत्रियों व अधिकारियों के साथ।

### IGI पर यात्रियों के लिए विशेष आब्रजन सुविधा शुरू



**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को यहां इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के टर्मिनल-3 पर अंतरराष्ट्रीय यात्राओं के लिए विशेष सुविधा 'फास्ट ट्रैक इमीग्रेशन-ट्रस्टेड ट्रैवलर प्रोग्राम' का उद्घाटन किया। शाह ने कहा कि 'फास्ट ट्रैक इमीग्रेशन-ट्रस्टेड ट्रैवलर प्रोग्राम' केन्द्र सरकार की एक दूरदर्शी पहल है जिसे भारतीय नागरिकों और ओसीआई कार्डधारकों के लिए सोच समझकर तैयार किया गया है। इस पहल से दूसरे देशों से आने वाले भारतीय नागरिकों एवं ओसीआई यात्रियों की सुविधा बढेगी। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम की शुरूआत विकसित भारत के लिए तय किए गए प्रमुख कार्यबिंदुओं में से एक है और यह पहल सभी के लिए यात्रा सुविधा और दक्षता बढ़ाने की सरकार की कटिबद्धता को दर्शाती है।

## पीएम मोदी व शेख हसीना की भेंट: 10 समझौते... बढ़ेगा सहयोग

# बांग्लादेश के नागरिकों को भारत देगा ई-मेडिकल वीजा

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारत और बंगलादेश ने कनेक्टिविटी, व्यापार और सहभागिता के आधार पर अपने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने का संकल्प लिया है। इसके साथ ही सीमा पार परिवहन सुविधाओं को बढ़ाने और समग्र आर्थिक साझीदारी समझौते (सीपा) पर बातचीत शुरू करने का भी फैसला किया। वहीं दोनों देशों ने आपसी सहयोग के 10 समझौतों एवं दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए। इसके साथ ही 13 घोषणाएं भी की गईं। वहीं, भारत ने बांग्लादेश के नागरिकों को मेडिकल ई-वीजा की सुविधा देने की घोषणा की है। इसके लिए बांग्लादेश के रंगपुर में भारत अपना उप-उच्चायोग खोलेगा। दोनों देश तीस्ता नदी के जल-बंटवारे पर चर्चा के लिए तकनीकी टीम भेजने पर भी सहमत हो गए हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के बीच व्यापक बातचीत के बाद समझौतों को अंतिम रूप दिया गया और उन पर हस्ताक्षर किए गए। इन समझौतों में समुद्री क्षेत्र और समुद्री अर्थव्यवस्था (ब्लू इकॉनोमी) में संबंधों को बढ़ावा देने और दोनों देशों के बीच रेलवे संपर्क बढ़ाने के सहित कई समझौते शामिल हैं। समझौतों के बाद मीडिया से बात करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज हमने नए क्षेत्रों में सहयोग के लिए भविष्य का विजन तैयार किया है। हरित भागीदारी, डिजिटल भागीदारी, समुद्र आधारित अर्थव्यवस्था और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर बनी सहमति से दोनों देशों के युवाओं को फायदा होगा।



### घोषणाओं में शामिल हैं सहयोग के रास्ते

हसीना के भारत दौरे के दौरान की गई घोषणाओं में राजशाही और कोलकाता के बीच ट्रेन सेवा,चटगांव और कोलकाता के बीच नई बस सेवा, गेडे-दरसाना और हल्दीबाड़ी-चिलाहाटी के बीच डलगांव तक मालगाड़ी सेवा शुरू करना, अनुदान सहायता के तहत सिराजगंज में अंतर्देशीय कंटेनर डिपो (आईसीडी) का निर्माण, भारतीय ग्रिड के जरिए नेपाल से बांग्लादेश को 40 मेगावाट बिजली का निर्यात करना, गंगा जल संधि के नवीकरण पर चर्चा के लिए संयुक्त तकनीकी समिति गठित करना, बांग्लादेश के अंदर तीस्ता नदीं के संरक्षण और प्रबंधन पर परियोजना के लिए तकनीकी प्रतिनिधिमंडल का बांग्लादेश दौरा, बांग्लादेश के पुलिस अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण और प्रति रोगी आठ लाख रुपए की अधिकतम सीमा के साथ मरीजों के लिए मुक्तिजोधा योजना शामिल हैं।

### भारत भरोसेमंद दोस्त: शेख हसीना

वहीं, पीएम शेख हसीना ने भारत को बांग्लादेश का प्रमुख पड़ोसी और भरोसेमंद दोस्त बताया। उन्होंने कहा कि भारत हमारा प्रमुख क्षेत्रीय साझेदार है। बांग्लादेश भारत के साथ अपने संबंधों को बहुत महत्व देता है, जो 1971 के मुक्ति संग्राम से शुरू हुए थे। उन्होंने कहा, मैं बांग्लादेश की स्वतंत्रता में भारत सरकार और भारत के लोगों के योगदान को कृतज्ञता के साथ याद करती हूं। शेख हसीना ने 1971 के युद्ध में अपने प्राणों की आहुति देने वाले भारत के वीर शहीदों को भी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा, आज हमारी बहुत ही उपयोगी बैठकें हुईं, जिनमें हमने सुरक्षा, व्यापार, संपर्क, साझा नदियों के पानी के बंटवारे, बिजली और ऊर्जा तथा क्षेत्रीय और बहुपक्षीय सहयोग के क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा की। हम अपने लोगों और देशों की बेहतरी के लिए एक-दूसरे के साथ सहयोग करने पर सहमत हुए।

### एक माह में दूसरी बार आईं हसीना

पीएम शेख हसीना अपनी दो दिवसीय यात्रा पर शुक्रवार को भारत पहुंचीं थी। लोकसभा चुनावों के बाद भारत में नई सरकार के गठन के बाद यह किसी विदेशी नेता की पहली द्विपक्षीय राजकीय यात्रा है। शनिवार सुबह शेख हसीना ने राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। बैठक से राष्ट्रपति भवन में उनका औपचारिक स्वागत किया गया। शेख हसीना भारत के पड़ोसी और हिंद महासागर क्षेत्र के उन सात शीर्ष नेताओं में शामिल थीं, जिन्होंने 9 जून को प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय मंत्रिपरिषद के शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लिया था।

### दोनों देशों ने की कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं पूरी

पीएम मोदी ने आगे कहा, पिछले एक साल में हमने कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को पूरा किया। दोनों देशों के बीच भारतीय रुपए में व्यापार शुरू हो गया है। भारत और बांग्लादेश के बीच गंगा नदी पर दुनिया की सबसे लंबी रिवर क्रूज सफलतापूर्वक पूरी हो गई है। भारत और बांग्लादेश के बीच पहली क्रॉस-बॉर्डर मैत्री पाइपलाइन पूरी हो गई है। भारतीय ग्रिड के माध्यम से नेपाल से बांग्लादेश को बिजली का निर्यात ऊर्जा क्षेत्र में उप-क्षेत्रीय सहयोग का पहला उदाहरण बन गया है। सिर्फ एक साल में इतने सारे क्षेत्रों में इतनी बड़ी पहल को लागू करना हमारे संबंधों की गति और पैमाने को दर्शाता है।

### राष्ट्रपति मुर्मू से भेंट, कई मुद्दों पर चर्चा



प्रधानमंत्री शेख हसीना ने शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की है और कई मुद्दों पर चर्चा की। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि भारत और बांग्लादेश कई क्षेत्रों में अपने सहयोग को मजबूत करने के लिए तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और नए क्षेत्रों में भी प्रवेश कर रहे हैं। उन्होंने विश्वास भी व्यक्त किया कि यह भारत-बांग्लादेश संबंधों के भविष्य की दिशा तय करेगा।

## जम्मू कश्मीर में सुरक्षाबलों की कार्रवाई

# घुसपैठ नाकाम, दो आतंकवादी ढेर



**श्रीनगर।** उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के उरी के गोहलान इलाके में सुरक्षा बलों ने शनिवार को घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी। सूत्रों के मुताबिक सुरक्षाबलों ने उरी के पास दो आतंकवादियों को मार गिरया। ये दोनों घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। फिलहाल सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी है। फिलहाल मारे गए आतंकियों के बारे में अभी कोई जानकारी सामने नहीं है। सुरक्षाबल इनकी पहचान में जुटे हुए हैं। इससे पहले गत बुधवार को बारामूला में मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने दो पाकिस्तानी आतंकियों को मार गिराया था। ये दोनों तश्कर-ए-तैयबा से जुड़े थे।

### अमरनाथ यात्रा: अर्धसैनिक बलों की तैनाती शुरू

अमरनाथ यात्रा के लिए जम्मू-कश्मीर में अर्धसैनिक बलों की तैनाती शुरू कर दी गई है। जम्मू जिले को इस बार अर्धसैनिक बलों की 24 अतिरिक्त कंपनियां मिली हैं, जोकि पिछले वर्ष की तुलना में पांच से छह अधिक हैं। पहली बार अमरनाथ यात्रा के रूट, यात्रियों के रुकने के स्थलों, लंगरों और अन्य जगहों पर तैनाती के अलावा अर्धसैनिक बल उन जगहों पर भी तैनात किए जा रहे हैं, जहां पर किसी अप्रिय घटना होने की आशंका है।

## मुस्लिम लीग J&K व तहरीक-ए-हुर्रियत पर जारी रहेगा प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने पिछले साल मुस्लिम लीग जम्मू कश्मीर (मसरत आलम गुट) और तहरीक-ए-हुर्रियत पर प्रतिबंध लगाया था। अब यूएपीए ट्रिब्यूनल ने इसपर मुहर लगा दी है। इसके साथ ही उनके बैंक खाते और वित्तीय लेनदेन को भी फ्रीज कर दिया है। इससे पहले जनवरी में केंद्र सरकार ने मुस्लिम लीग जम्मू कश्मीर की सभी संपत्तियों को जब्त करने का निर्देश दिया था। दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश सचिन दत्ता की एक सदस्यीय न्यायाधिकरण का गठन इस साल जनवरी में प्रतिबंध लगाने के पीछे पर्याप्त कारणों का आकलन करने के लिए किया गया था।

बता दें कि मुस्लिम लीग जम्मू कश्मीर (मसरत आलम गुट) को जम्मू कश्मीर में राष्ट्र विरोधी और अलगाववादी गतिविधियों में शामिल होने के कारण 27 दिसंबर 2023 यूएपीए के तहत केंद्र सरकार ने पांच साल के लिए गैरकानूनी घोषित कर दिया था।

## सरक्रीक में पाकिस्तान की साजिश का दिया जाएगा मुंहतोड़ जवाब

# सीमा सुरक्षा बल के जवानों को 'मरीन कमांडो' की ट्रेनिंग देगी नौसेना

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारतीय नौसेना ने सर क्रीक इलाके में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की स्थिति को मजबूत करने के लिए बल के जवानों को मरीन कमांडो की ट्रेनिंग देगा। इसके लिए जरूरी तैयारियां शुरू हो गई हैं। सैन्य सूत्रों के अनुसार पाकिस्तान मरीन ने सर क्रीक इलाके में अपनी स्थिति को मजबूत करना शुरू कर दिया है। जिसे देखते हुए नौसेना इस इलाके में बीएसएफ के साथ मिल कर काम करेगी।

सूत्रों ने बताया कि ट्रेनिंग के लिए पहले बैच में बीएसएफ के 80 जवानों को चयनित किया गया है। यह ट्रेनिंग चेन्नई स्थित दक्षिणी नौसेना कमान में दी जाएगी। आने वाले समय में बीएसएफ की ऐसी 6 बटालियनों को ट्रेनिंग देने की तैयारी है। सैन्य सूत्रों ने बताया कि उन्हें इंटेलिजेंस इनपुट मिले हैं कि जिस तरह से पाकिस्तानी मरीन इस इलाके में अपनी गतिविधियां बढ़ा रही है। यह पाकिस्तानी सेना की एक बड़ी साजिश का हिस्सा हो सकता है।




फाइल फोटो

### वाटर बेस्ड होगी ट्रेनिंग

नौसेना से जुड़े सूत्रों ने बताया कि पहले जो ट्रेनिंग होती थी, वह लैंड बेस्ड होती थी। लेकिन अब जो ट्रेनिंग दी जाएगी, वह वाटर बेस्ड होगी। इसके तहत सीमैनशिप, इलेक्ट्रॉनिक्स, नेविगेशन इक्विपमेंट और पानी के अंदर हथियार चलाने की ट्रेनिंग दी जाएगी। यह ट्रेनिंग छह हफ्तों की होगी। यह ट्रेनिंग न केवल कच्छ के रण और सर क्रीक इलाके में काम आएगी, बल्कि बांग्लादेश से सटे सुंदरबन इलाके में भी इस ट्रेनिंग का फायदा मिलेगा, जहां बांग्लादेशी तस्कर आए दिन भारतीय सीमा में घुसपैठ करने के नए-नए तरीके खोजते रहते हैं।

### कच्छ के इलाके में हैं कई अहम प्रतिष्ठान

सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तानी मरीन के प्रशिक्षित कमांडो पानी के अंदर हमला करने की क्षमता रखते हैं और वे हरामी नाला-सर क्रीक इलाके के जरिए कच्छ की खाड़ी में घुसने की कोशिश कर सकते हैं। इसके अलावा जैश-ए-मोहम्मद ने भी अपनी एक समुद्री विंग (मैरीटाइम विंग) बनाई है, और उन्हें भी अंडर वाटर ट्रेनिंग दी गई है। उन्होंने बताया कि कच्छ क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों में तेल रिफाइनरियां, जिनमें रिलायंस इंडस्ट्रीज, मुंद्रा और दीनदयाल बंदरगाह और प्रमुख बिजली संयंत्र शामिल हैं। इसके अलावा इस इलाके में कई तीर्थ स्थल भी हैं, जहां पूरे साल तीर्थयात्रियों की भीड़ लगी रहती है। सूत्रों ने बताया कि आतंकियों को लंबी दूरी तक तैरने और पानी में इक्विपमेंट चलाने की ट्रेनिंग दी गई है। ज्ञात रहे कि लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों ने मुंबई पर 26/11 हमले को अंजाम देने के लिए समुद्री मार्ग का इस्तेमाल किया था।

### 98 किमी लंबा है सर क्रीक इलाका

सर क्रीक इलाका कच्छ के रण के दलदली इलाकों में दोनों देशों के बीच 98 किलोमीटर लंबी पानी की एक संकरी पट्टी है, जो अरब सागर में खुलती है। इस क्षेत्र में मौसम और टैरेन दोनों की विपरित परिस्थितियां है। गुजरात में बीएसएफ स्थायी अड्डे बनाकर सर क्रीक और हरामी नाला इलाके में अपनी पकड़ मजबूत कर रही है। बीएसएफ को राजस्थान के बाड़मेर से लेकर कच्छ के रण और क्रीक इलाके तक 826 किलोमीटर लंबी भारत-पाक अंतरराष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा का काम सौंपा गया है, जिसमें गुजरात का 85 किलोमीटर तटीय इलाका भी शामिल है।

## 'सुरीली शाम सुर के नाम' से गुलाबी हुई पिंक सिटी की शाम

# सुर साधकों ने सुरीले गीतों से कला प्रेमियों का जीता दिल

**बेधड़क.जयपुर।** दिल मुझे बता दे..., धीरे-धीरे चल चांद गगन में..., सैंया ले गए जिया..., जैसे सदाबहार सुपर हिट गाने जब जयपुर फिजा में गूंजे तो हर कोई खिंचा चला आया। हर उम्र के लोगों ने इन गीतों को एंजॉय किया। मौका था गायक व संगीत गुरु आमोद चतुर्वेदी के निर्देशन में 'सुरीली शाम सुर के नाम' कार्यक्रम का, जिसमें 5 से 75 साल के सुर साधकों ने संगीतमयी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन कर संगीत प्रेमियों का दिल जीत लिया। सिविल लाइंस स्थित सुर म्युजिक एकेडमी की ओर से सुरीली शाम सुर के नाम नामक कार्यक्रम की विशेषता थी कि 50 सुर साधकों ने बॉलीवुड के 25 युगल गीतों को अपनी आवाज में पिरोया। महावीर स्कूल ऑडिटोरियम में सजी इस सुरीली शाम के कार्यकम प्रबंधक वर्षा चतुर्वेदी के अनुसार समारोह में विशिष्ट अतिथि भारतीय प्रशाशनिक सेवा अधिकारी नरेश ठकराल, आई पीएस अधिकारी परिस देशमुख, राजस्थान चैंम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डीएस भंडारी, सचिव संगीत आश्रम अमित अनुपम व समाज सेविका जयश्री भंडारी रहे।





### गणेश परण, थाट, तोड़े, कृष्ण कविता खास

कार्यक्रम संचालक आभा द्विवेदी ने बताया कि शुभारंभ कथक प्रस्तुति शनाया की ओर से गणेश परण, थाट, तोड़े और कृष्ण कवित से हुआ। इसके बाद 5 से 75 साल के सिंगर्स ने ऐसी सुरीली शाम सजाई कि हर कोई रोमांचित हो गया।



### कला प्रेमियों को किया प्रभावित

इस दौरान अविरल चतुर्वेदी, डॉ. शशि लता त्रिपाठी, जानवी, ऋतु कासलीवाल, निधी लोयलका, विभूषित, प्रिया, डॉ. कनिका वर्मा, डॉ. पंकज वर्मा, अंशु सिंह, उमा शुक्ला, पूनम जैन, इरा दुबे, कार्तिकेय मिश्रा, शालिनी माटा, डॉ. नीरज नागायच, स्वपना जैन, अमायरा, अद्रिजा, रविंद्र शर्मा, इशिता शर्मा, सुनीता गुप्ता, शशि सिंह, शालिनी माटा, नवीशा शर्मा, चारूवी शर्मा, अलिंद गुप्ता, देवांशी, मीहिरा, अनाया, समायरा, अनय, देवज, नलिन, आद्रिजा, आलिंद गुप्ता, शुभा गुप्ता, लक्षिता, शिवानी, अनूप जोशी, दीपक अरोड़ा, मीनाक्षी सिंह, अनिल भारद्वाज, कविता सिसोदिया, इंदू शर्मा, राजेश ठक्कर, मीना बलोदिया, सीमा मुंजाल, मिथलेश नाग, स्वाति कौशिक ने प्रभावित किया। निदेशक आमोद चतुर्वेदी ने किशोर के प्रसिद्ध गीत वो शाम कुछ अजीब थी... तथा अन्य गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम में आए सभी आतिथियों तथा दर्शकों को धन्यवाद किया।

## निर्मोही... पर मुग्ध कला प्रेमी



**बेधड़क. जयपुर।** नेट थिएट कार्यक्रमों की कड़ी में युवा उप-शास्त्रीय कलाकार सुनील सैनी ने राग बागेश्वरी में बलमा मोरी तोर संग लागली प्रीत, घर आंगना कछु नाही भावे को द्रुत... सुरीले अंदाज में प्रस्तुत कर दर्शकों की दाद पाई। नेट थिएट के राजेंद्र शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना रख लाज मोरी गणपति से हुई। फिर जिनको नहीं है बोध तो गुरु ज्ञान क्या करें, निज रूप को जाना नहीं पुराण क्या करें को द्रुत लय में प्रस्तुत कर अपनी गायकी का परिचय दिया। इसके बाद एक लगन बिन जाने न निर्मोही, बिना लग्न की प्रीत बावरे ओस नीर जसू धोई सुनाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम संयोजक नवल डांगी, प्रकाश व कैमरा मनोज स्वामी, संगीत विनोद सागर गढ़वाल और मंच सज्जा जीवितेश शर्मा और अंकित शर्मा नोनू की रही।

## माताओं का सम्मान आज

**बेधड़क. जयपुर।** राजधानी में रविवार को वृंदावन की माताओं को सम्मानित किया जाएगा और शहर के लोग रैंप पर होंगे। इस मौके पर प्रदेश की डिप्टी सीएम दिया कुमारी, बिग बॉस फेम सबा और एक्ट्रेस महक चहल मंच पर होंगी। कार्यक्रम संयोजक और बोधी ट्री जयपुर की संचालिका शुभा गुप्ता ने बताया कि नोवोटेल होटल में अवॉर्ड शो का आयोजन होगा। गायक शिवम सदाना लाइव प्रस्तुति होगी और एक रैंप शो आयोजित किया जाएगा। शो के जरिए मैसेज दिया जाएगा कि सिर्फ परिधानों और शरीर की खूबसूरती ही सबकुछ नहीं होती है, बल्कि माताओं की सेवा करना भी एक तरह की खूबसूरती है।

## एक मंच पर आएंगे विशेषज्ञ

**बेधड़क. जयपुर।** विश्व स्तर पर राजस्थान टूरिज्म इंडस्ट्री को पहचान और बढ़ावा देने में भूमिका निभाने वाले एक्सपर्ट्स को जयपुर की धरती पर सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए शुभ फूड, ट्रैवल और वेडिंग टूरिज्म एक्सपो समिट और अवॉर्ड्स-2024 सीजन-6 में 29 जून को होटल नोवोटेल में देश-दुनिया के टूरिज्म एक्सपर्ट शामिल होंगे। शुभ वेडिंग्स निदेशक राजन कायस्थ और आरती निर्वाण ने बताया कि होटल नोवोटेल, जयपुर कन्वेंशन सेंटर में दुबई के प्रख्यात वेडिंग प्लानर तसनीम अलीभाई और गौरी चड्ढा के साथ पोलैंड के ग्रेगरी ग्रिटचेंको अपनी इंडस्ट्री इनसाइट और स्पेशलाइजेशन शेयर करेंगे। वहीं, इंडियन एक्सपर्ट्स के रूप मे ऋतुराज खन्ना (नोएडा), जयदीप मेहता (गुजरात), देवेंद्र शास्त्री और राखी कांकड़िया (हैदराबाद), सनी सबरवाल (दिल्ली), पवनमीर चंदानी (मुंबई), आदिल पठान (उदयपुर), मनीष अग्रवाल (उत्तर प्रदेश), संदीप उपाध्याय (आगरा), नेहा चुगानी (जोधपुर), दीपक अग्रवाल (बीकानेर) और पी. पी. खन्ना (दिल्ली) पार्टिसिपेट करेंगे। इस मौके पर एक टॉक शो भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें देश और प्रदेश के टूरिज्म को बढ़ाने पर बात होगी।

## City इवेंट्स

### मानसून एक्टिविटीज के पोस्टर का विमोचन



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुराइट्स अपनी एंजॉयमेंट लाइफ के लिए देश-दुनिया में जाने जाते हैं। ऐसे में सबने मिलकर जयपुर के इस कल्चर को बढ़ाने का प्रयास किया है। इसके तहत कई एक्टिविटीज की जाएंगी और मानसून व टी-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप को जयपुर के हर उम्र के लोगों के लिए अनूठे अंदाज में पेश किया जाएगा। यह विचार मूड मेकर्स के मनीष ने रखे। इस मौके पर एक्टिविटीज का पोस्टर लॉन्च किया गया और शहर के ब्लॉगर्स, फैशन व पार्टी लवर्स और अन्य डिग्निटीज शामिल हुए। उन्होंने बताया कि इस मॉनसून और म्यूजिक और डांस के साथ खास आयोजन किए जाएंगे।

### गीतों में दिखेगी राग-रागिनियों की रिसर्च

**बेधड़क. जयपुर।** सीए-सीएस जैसी कठिन शिक्षा लेने के बाद इस क्षेत्र में कॅरियर बनाने के बजाय संगीत को कॅरियर बनाने वाले सिंगर रोहित कटारिया और उनकी संगीतज्ञ पत्नी डॉ. आकांक्षा कटारिया दवे वर्षों से भारतीय शास्त्रीय संगीत के विभिन्न राग-रागिनियों पर शोध कर संगीत रचनाएं तैयार कर रहे हैं। अपने इसी शोध को जन-जन तक पहुंचाने के लिए 15 राग-रागिनियों पर आधारित 25 फिल्मी गीतों का गुलदस्ता तैयार किया है जो मदन मोहन की 100वीं जयंती के इस साल में रविवार को महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में 'रागाज ऑफ मदन मोहन' के रूप में सामने आएगा। श्रोताओं को मदन मोहन के विभिन्न रागों पर आधारित गीतों का आनंद ही नहीं, बल्कि हिंदुस्तानी और दक्षिण भारतीय रागों का उनके गीतों से जुड़ाव की अनुभूति होगी।

### समग्र नेशनल आइकन अवॉर्ड आज



**बेधड़क. जयपुर।** जवाहर कला केंद्र में रविवार को समग्र नेशनल आइकन अवॉर्ड्स-2024 का आयोजन किया जाएगा। संस्थापक अध्यक्ष एडवोकेट दया शर्मा ने बताया कि समारोह में देश के विभिन्न राज्यों से अलग-अलग क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली 25 प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। इसके पोस्टर का विमोचन पिछले दिनों उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने किया था। कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय व प्रांतीय स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को प्रोत्साहित करना है। संस्थान के चितौड़गढ़ टीम हैड अमित कुमार चेचानी ने बताया कि 20 वर्षों से सामाजिक सरोकार की विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय हैं।

## कलाकारों ने जगाई आध्यात्मिक चेतना

# कबीर वाणी गायन के संग उनके साहित्य की प्रासंगिकता पर मंथन



**बेधड़क | जयपुर**

विश्व संगीत दिवस पर जवाहर कला केन्द्र की ओर से जारी संगीत और साहित्य को समर्पित कार्यक्रम का शनिवार को दूसरा दिन रहा। इंदौर के राजमल मालवीय ने कबीर वाणी, जबकि महेशाराम मेघवाल ने कबीर गायन की प्रस्तुति दी। वहीं, संवाद प्रवाह में कबीर के साहित्य और उसकी प्रासंगिकता विषय पर लोकेश कुमार सिंह 'साहिल', सोम प्रकाश शर्मा, जगदीश मोहन रावत, डॉ. सुशीला 'शील' ने विचार रखे। कृष्णायन में इंदौर के राजमल मालवीय व समूह के कलाकारों ने कबीर वाणी की प्रस्तुति दी। उन्होंने 'झीनी रे झीनी रे चुनरिया', 'सद्गुरु में लगन लगी रे मेरे भाई', 'बाहर भटके काहे, थारा सतगुरु रहवे घट माही' सरीखे भजन गाकर संत कबीर के संदेश को लोगों तक पहुंचाया। दोपहर का सत्र साहित्य के नाम रहा। डॉ. सुशीला 'शील', जगदीश मोहन रावत और सोम प्रकाश शर्मा ने कहा कि कबीर की वाणी को शब्दों में नहीं बांधा जा सकता। लोकेश कुमार सिंह 'साहिल' ने सत्र का मॉडरेशन किया।

## पावर ऑफ पंचम ए मेजिकल ट्रिब्यूट 27 को

# RD बर्मन के संगीत से फिर सजेगी जयपुराइट्स की शाम



**बेधड़क | जयपुर**

आरडी बर्मन एक ऐसा नाम है जो आज भी अपने संगीत के जरिए हिंदुस्तानियों के दिलों में जिंदा है। अब जयपुराइट्स उनके ओरा को महसूस करेंगे। इसके लिए संगीतकार स्वर्गीय आरडी बर्मन की 85वीं बर्थ एनिवर्सरी पर किशोर सरावगी व आर्किटेक्ट धीरज झामरिया की ओर से संगीत प्रेमियों को तोहफा दिया जाएगा। वे गीत-संगीत से भरी शाम पावर ऑफ पंचम ए मेजिकल ट्रिब्यूट लेकर आ रहे हैं। कार्यक्रम गुरुवार शाम 6:30 बजे से महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। इस दौरान जयपुर के कलाकार ममता झा, प्रिया बोथरा, कोपल माथुर, अनुराधा माथुर, किशोर सरावगी और धीरज झामरिया पंचम द्वारा संगीतबद्ध गीतों की प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम में विविध भारती के रेडियो जॉकी यूनुस खान और जयपुर के आर्किटेक्ट संजय कोठारी आरडी के गीतों और उनकी जीवन संगीत यात्रा पर चर्चा करेंगे। इस दौरान आडी के फेंस और संगीत प्रेमी उपस्थित होंगे, जो इंटरेक्ट करते हुए जिज्ञासा शांत करेंगे।

**अवेयरनेस** निऑन टी-शर्ट पहने वॉकर्स ने दिया फिट रहने का संदेश

# रनिंग कल्चर संग नाइट वॉक को बढ़ावा देने के लिए ग्लो वॉक

**बेधड़क | जयपुर**

रात के अंधेरे के बीच एक तरफ रोड लाइट की रोशनी और दूसरी तरफ ग्लो स्टिक लेकर गुजरते वॉकर्स। मौका था जयपुर ग्लो वॉक का, जिसमें निऑन टी-शर्ट पहने वॉकर्स ने जय क्लब के सामने से निकलते हुए फिटनेस की अवेयरनेस को लेकर कदमताल की। मुख्य अतिथि गोपाल शर्मा विधायक सिविल लाइंस, पुनित कर्णावत-डिप्टी मेयर जयपुर नगर निगम और जय क्लब प्रेसिडेंट रामेश्वर गुप्ता ने फ्लैग ऑफ कर वॉक को रवाना किया। वॉक क्लब से शुरू होती हुई क्लब पर ही समाप्त हुई। उसके बाद फिटनेस पार्टी का आयोजन किया गया जिसमें सभी वॉकर्स शामिल हुए।



### फिटनेस पार्टीज के चलन को बढ़ावा

इससे पहले वॉक में जयपुर रनर्स क्लब के सदस्य शामिल हुए। इस मौके पर संजय अजमेरा-जॉइंट सेक्रेटरी स्पोर्ट्स, राजीव नागौरी- जॉइंट सेक्रेटरी एडमिन और मनोज दासोत-सेक्रेटरी सहित अन्य उपस्थिति रहे। जयपुर रनर्स क्लब अध्यक्ष प्रवीण तिजारिया और कार्यकारी अध्यक्ष दीपक शर्मा बागड़ा ने बताया कि जयपुर में रनिंग कल्चर के साथ साथ नाइट वॉक के प्रति जागरूकता फैलाने व फिटनेस पार्टीज के चलन को बढ़ाने के लिए जयपुर ग्लो वॉक का आयोजन किया गया।

### हेल्थ को लेकर बढ़ी है अवेयरनेस

बीते कुछ सालों में जयपुर में फिटनेस को लेकर काफी सुधार हुआ है। लोग हेल्थ को लेकर अवेयर हुए हैं। इसी बीच नाइट वॉक और फिटनेस पार्टीज को बढ़ावा देने के लिए जयपुर ग्लो वॉक के साथ प्रयास किया जा रहा है।



मनुष्य जीवन में साधना से बड़ा कोई कर्म नहीं, “साधना ही ब्रह्म है।”

**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

### इजराइली सुरक्षा बलों ने राफा के पास फिलिस्तीनियों के शिविरों पर किया हमला

# 25 की मौत, 50 घायल... अब हिजबुल्लाह से भी ठनी



**एजेंसी** | तेल अवीव

इजराइली सुरक्षा बलों द्वारा शुक्रवार को गाजा के दक्षिणी शहर राफा के बाहर विस्थापित फिलिस्तीनियों के शिविरों पर की गई गोलीबारी में कम से कम 25 लोग मारे गए और 50 अन्य घायल हो गए। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय और आपातकालीन कर्मचारियों ने ये जानकारी दी है।

राफा में सिविल डिफेंस फर्स्ट रिस्पॉन्डर्स के प्रवक्ता अहमद रादवान के अनुसार, प्रत्यक्षदर्शियों ने बचाव कर्मियों को शुक्रवार को तटीय क्षेत्र में दो स्थानों पर गोलीबारी के बारे में बताया। स्वास्थ्य मंत्रालय ने अनुसार इन हमलों में 25 की मौत और 50 लोगों के घायल हो गए हैं।

### 37 हजार से ज्यादा लोगों की मौत

गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने अनुसार, इजरायल के जमीनी हमलों और बमबारी से गाजा में 37,400 से अधिक लोग मारे गए हैं। हालांकि, मंत्रालय अपनी गणना में लड़कों और नागरिकों के बीच अंतर नहीं करता है।



### ‘मुवासी क्षेत्र के आस-पास किया हमला’

सिविल डिफेंस और रेड क्रॉस अस्पताल ने बताया कि इजराइली सेना ने भूमध्य सागर के तट पर स्थित एक क्षेत्र मुवासी के आसपास हमले किए थे। मुवासी वह क्षेत्र है, जहां विस्थापित फिलिस्तीनियों हाल के महीनों में शिविर में रह रहे थे। रेड क्रॉस फील्ड अस्पताल के पास हुए बम विस्फोटों में जान गंवाने वाले प्रत्यक्षदर्शियों के रिश्तेदारों ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि इजराइली सेना ने दूसरी बार भी गोलीबारी की, जिसमें अपने तंबूओं से बाहर निकले लोगों की मौत हो गई। इजराइल का कहना है कि वह हमास के आतंकी और बुनियादी ढांचे को निशाना बना रहा है और नागरिकों की मौतों को कम-से-कम करने की कोशिश कर रहा है। साथ ही, इजराइल ने बड़ी संख्या में नागरिकों की मौत के लिए आतंकियों को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि ये घटना इसलिए हुई, क्योंकि वे आतंकी आबादी में छिपकर काम करते हैं।

### हिजबुल्लाह के पास हैं हमास से दोगुना लड़ाके

लेबनान के हिजबुल्लाह के पास स्वतंत्रता समर्थक फिलिस्तीनी सशस्त्र समूह हमास की तुलना में दोगुने से भी अधिक लड़ाके हैं। लेबनानी शिया समूह हथियारों के मामले में भी बहुत आगे है। ईरान समर्थित इस सशस्त्र समूह के पास विभिन्न कैलिबर और रेंज के रॉकेटों के अलावा गाइडेड मिसाइलें और शक्तिशाली ड्रोन हैं। पश्चिमी मीडिया के मुताबिक हिजबुल्लाह ने ईरान के सैन्य तकनीकी बुनियादी ढांचे का उपयोग करके कई पुरानी रूसी मिसाइलों का आधुनिकीकरण पूरा कर लिया है।

### इजरायली सेना ने कहा- इस घटना की समीक्षा की जा रही

वहीं, इजराइली सेना ने कहा कि इस घटना की समीक्षा की जा रही है, लेकिन ऐसा कोई संकेत नहीं है, आईडीएफ द्वारा हमला किया गया था। इजरायल के सशस्त्र बलों के लिए एक संक्षिप्त नाम का उपयोग करते हुए। इसने घटना के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी या यह नहीं बताया कि लक्षित लक्ष्य क्या हो सकते थे। इस बीच इजराइली सेना ने शुक्रवार को कहा कि मध्य गाजा में लड़ाई में दो सैनिक मारे गए. दोनों की मौत की परिस्थितियों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई, दोनों की उम्र 20 के आसपास थी।

### हमास नहीं है हिजबुल्लाह, बजा देगा ईंट से ईंट

इजराइल की लेबनानी समूह हिजबुल्लाह के बीच ठन गई है। हिजबुल्लाह ने हाल ही में इजराइल को चेतावनी दी है कि अगर जंग हुई तो उनकी सेना इजराइल का कोई कोना नहीं छोड़ेगी। बता दें, हाल ही में लेबनान के गांवों पर इजराइली हवाई हमलों में एक स्थानीय अधिकारी सहित हिजबुल्लाह के तीन सदस्य मारे गए और चार नागरिक घायल हो गए। इजराइल और हिजबुल्लाह के बीच की तनातनी ने मिडिल-ईस्ट में खतरे की घंटी बजा दी है।

### कितना खतरनाक है इजरायल का नया दुश्मन

वैश्विक मामलों के जानकारों ने आशंका जताई है कि अगर इन दोनों दुश्मनों के बीच संपूर्ण युद्ध छिड़ गया तो इजराइल खतरे में पड़ सकता है। अमेरिकी रक्षा विशेषज्ञों के एक समूह के अनुसार हिजबुल्लाह के पास आयरन डोम सहित इजराइल की वायु रक्षा प्रणालियों की तुलना में अधिक मिसाइलें और ड्रोन हैं। इस वजह से इजराइली सेना की वायु रक्षा इकाइयों के लिए उनके हमलों को पूरी तरह से रोकना संभव नहीं हो सकता है।

### अमेरिका आर्मी बेस के पास खरीद ली जमीन

**वाशिंगटन।** चीन के साथ बढ़ती तनातनी के बीच अमेरिका से एक ऐसी खबर आई है जो उसके लिए खतरे की घंटे हो सकती है। चीन ने अमेरिका के सैन्य ठिकानों के पास जमीन खरीद ली है और इसे वह जासूसी के लिए इस्तेमाल कर सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक फ्लोरिडा से लेकर हवाई तक अमेरिका भर में ऐसे 19 ठिकानों की पहचान की गई है। इनमें सेना के रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण ठिकाने शामिल हैं। रिपोर्ट में एक रिटायर्ड अमेरिकी एयर फोर्स ब्रिगेडियर जनरल के हवाले से बताया है कि रणनीतिक रूप से अहम जगहों के नजदीक होने से यह बहुत चिंताजनक है। इन स्थानों का उपयोग खुफिया जानकारी के लिए होगा।

### हज से लौटे लोगों ने बताए सऊदी अरब की गर्मी के हाल

# रास्तों में पड़ी हैं लाशें

**एजेंसी** | अबू धाबी/ मुंबई

सऊदी अरब में इस बार हज यात्रा के दौरान करीब 900 लोगों की मौत हो गई, जिनमें से 98 भारतीय भी हैं। इस बार हज यात्रा के दौरान सऊदी अरब में भीषण गर्मी पड़ रही थी। मक्का शहर गर्मी की वजह से भट्टी बन गया था। यहां अधिकतम तापमान 51.8 डिग्री तक पहुंच गया। गत वर्ष की बात करें तो हज यात्रा के दौरान 200 लोगों की मौत हुई थी और 2000 की तबीतय बिगड़ी थी। बीते साल अधिकतम तापमान 48 डिग्री सेल्सियस तक ही दर्ज किया गया था। वहीं इस बार हज यात्रा के दौरान पारा 51 डिग्री से ऊपर पहुंच गया।

बीते महीने सऊदी अरब में प्रकाशित एक अध्ययन में कहा गया कि हर दशक में तापमान में 0.4 डिग्री की वृद्धि हो रही है। मुंबई में मीरा रोड के रहने वाले आसिफ अली ने बताया कि इस साल पड़ने वाली गर्मी कोई सामान्य नहीं थी। हज कमेटी की तरफ से उनकी सीट के ऐलान के बाद ही उन्होंने खुद को इस यात्रा के लिए तैयार करना शुरू कर दिया था। उन्होंने कहा, यह मेरी पहली हज यात्रा थी। मैंने खूब इसके बारे में जानकारी हासिल कर ली थी।



### गीला कपड़ा रखते थे सिर पर

उन्होंने आगे बताया कि होटल से नमाज के लिए निकलते वक्त मैं गीला कपड़ा अपने सिर पर रख लेता था। वहीं पास में एक बोतल रखता था और लगातार पानी पीता रहता था। गर्मी के बारे में कुछ भी बता पाना मुश्किल है बस इसे अनुभव किया जा सकता था। 35 साल के ओवैस रिजवी ने बताया कि काबा के पास काफी इंतजाम किया गया था।

### स्विट्जरलैंड की अदालत ने सुनाई सजा

# हिंदुजा परिवार स्तब्ध, अपील दायर

**एजेंसी** | लंदन

ब्रिटेन के सबसे धनी परिवार हिंदुजा ने कहा है कि वह अपने कुछ सदस्यों को स्विटजरलैंड की अदालत द्वारा जेल की सजा सुनाये जाने के फैसले से “स्तब्ध” है और उन्होंने इसके खिलाफ ऊपरी अदालत में अपील दायर कर इस निर्णय को चुनौती दी है।

स्विस अदालत ने हिंदुजा परिवार के चार सदस्यों को जिनेवा स्थित अपने विला में घरेलू सहायकों का शोषण करने का दोषी पाया था। परिवार की ओर से स्विट्जरलैंड के वकीलों ने उनका बचाव करते हुए कहा कि प्रकाश और कमल हिंदुजा तथा उनके बेटे अजय और उनकी पत्नी नम्रता को मानव तस्करी के सभी आरोपों से बरी कर दिया गया है।



### किसी को अभी हिरासत में नहीं लिया

उन्होंने जिनेवा स्थित अदालत के आदेश के बाद परिवार के किसी भी सदस्य को हिरासत में लिए जाने के मीडिया रिपोर्ट को भी खारिज कर दिया। वकील येल हयात, रॉबर्ट असैल और रोमन जॉर्डन द्वारा हस्ताक्षरित बयान में कहा गया है, ‘हमारे मुवक्किलों को मानव तस्करी के सभी आरोपों से बरी कर दिया गया है। लेकिन, प्रथम दृष्टया इस अदालत में लिए गए बाकी निर्णय से हम स्तब्ध व निराश हैं और हमने निश्चित रूप से उपरी अदालत में अपील दायर की है।’

### साढ़े चार साल की सजा

स्विट्जरलैंड की एक आपराधिक अदालत ने शुक्रवार को हिंदुजा परिवार के चार सदस्यों को घरेलू सहायकों का शोषण करने के मामले में चार से साढ़े चार साल तक की जेल की सजा सुनाई। हालांकि, अदालत ने साथ ही, मानव तस्करी के आरोपों को खारिज कर दिया। चारों आरोपी जिनेवा की अदालत में मौजूद नहीं थे, हालांकि परिवार का व्यवसाय प्रबंधक और पांचवां आरोपी नजीब जियाजी अदालत में मौजूद था। उसे 18 महीने की सजा सुनाई गई जो निलंबित रखी गई है। कोर्ट ने इन्हें दोषी माना है।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl